




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 12 अप्रैल 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 74 | मूल्य - 5 रुपये














## इस्लामाबाद वार्ता : जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने शुरू की ईरान से बातचीत..

इस्लामाबाद, (भाषा)।

***अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पाकिस्तान में शीर्ष ईरानी वार्ताकारों के साथ आमने-सामने की वार्ता शुरू की। इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और बड़े पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा हुए हैं।***



पाकिस्तान की मध्यस्थता से हो रही यह वार्ता 1979 में ईरान में हुई इस्लामी क्रांति के बाद दोनों पक्षों के बीच पहली प्रत्यक्ष, उच्चस्तरीय बातचीत के तौर पर देखी जा रही है। इस्लामाबाद के सेरेना होटल में त्रिपक्षीय वार्ता से पहले, वेंस के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके साथ अलग-अलग बैठकें कीं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफद्वारा दोनों प्रतिनिधिमंडलों के साथ अलग-अलग बैठकें करने के बाद, ईरान और अमेरिका के बीच सीधी बातचीत का औपचारिक दौर आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। पाकिस्तान के सरकारी चैनल पीटीवी ने बताया कि ईरान और अमेरिका के अधिकारी 'ऐतिहासिक शांति वार्ता' के लिए आमने-सामने बैठे। हालांकि बातचीत का स्वरूप पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। इस बीच, ईरानी सरकार ने सोशल मीडिया पर कहा कि 'इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत विशेषज्ञ स्तर में प्रवेश कर गई है। बिना ज्यादा जानकारी दिए यह भी कहा गया कि कुछ 'तकनीकी विवरणों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पाकिस्तानी सूत्रों ने बताया कि बातचीत का माहौल 'उत्साहजनक' रहा।

खबरों के अनुसार, यदि आज रात कोई ठोस नतीजा नहीं निकलता है तो बातचीत रविवार तक जारी रह सकती है। ईरान की अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने बताया कि वार्ता सामान्य मुद्दों से आगे बढ़कर 'कुछ विषयों' पर तकनीकी स्तर की चर्चा में पहुंच गई है।

एक ओर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर शामिल हैं, तो दूसरी ओर गालिबफके नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री अब्बास अराघची, सुप्रीम नेशनल डिफेंस काउंसिल के सचिव अली अकबर अहमदियन और केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दुलनासिर हिम्मती शामिल हैं। दोनों प्रतिनिधिमंडल ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के चार दिन बाद शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचे। हालांकि लेबनान पर इजराइल के बड़े हमलों ने इस युद्धविराम को कमजोर कर दिया है।

तेहरान ने कहा कि यह हमले युद्धविराम का उल्लंघन हैं, जबकि अमेरिका और इजराइल का कहना है कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। इससे पहले नूर खान एयरबेस पर उपप्रधानमंत्री इसहाक डार, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और गृह मंत्री सैयद मोहसिन रजा नकवी ने दोनों प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान शांति वार्ता में सकारात्मक परिणाम हासिल करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थ की भूमिका जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान शरीफने उम्मीद जताई कि इस वार्ता से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लौटेगी।

ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के अनुसार ईमानदारी से काम करे तो समझौता संभव है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 'इजराइल फर्स्ट' सोच हावी रही तो कोई समझौता नहीं होगा। आरिफने यह भी कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो दुनिया को 'ज्यादा बड़ी कीमत' चुकानी पड़ेगी। तस्नीम एजेंसी ने पहले बताया था कि जब तक ईरान की शर्तें– जैसे लेबनान पर इजराइली हमले रोकना और ईरान की संपत्तियों पर से प्रतिबंध हटाना- नहीं मानी जातीं, तब तक बातचीत शुरू नहीं होगी।

बाद में एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया कि अमेरिका, ईरान की संपत्तियों पर से प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हो गया है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति के उपराष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार एंड्रयू बेकर और उपराष्ट्रपति के एशियाई मामलों के विशेष सलाहकार माइकल वेंस भी शामिल हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की पूरी टीम इस्लामाबाद में मौजूद है। इससे पहले ईरानी संसद अध्यक्ष गालिबफ ने पाकिस्तान जाते समय विमान के अंदर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें मिनाब स्कूल पर हुए हमले में मारे गए छात्रों की तस्वीरें सीटों पर लगी थीं।

उन्होंने लिखा, 'इस उड़ान में मेरे साथी – मिनाब 168 ।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि वार्ता सफल नहीं होती है तो अमेरिका, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू करेगा। पाकिस्तान रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि वह वार्ता को लेकर आशावादी हैं और उम्मीद करते हैं कि यह 'सकारात्मक' रहेगी। उन्होंने कहा, 'अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत के लिए तैयार है, तो हम भी खुले दिल से आगे बढ़ेंगे, लेकिन अगर वे हमें धोखा देने की कोशिश करेंगे, तो हमारी टीम उसे स्वीकार नहीं करेगी।'

इस्लामाबाद पहुंचने के बाद गालिबफ ने अमेरिका के साथ भरोसे के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि पहले भी बातचीत के दौरान अमेरिका ने ईरान पर हमले किए थे। उन्होंने कहा, 'हमें अमेरिकियों पर भरोसा नहीं है।' उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष 'वास्तविक समझौते' के लिए तैयार है, तो ईरान भी इसके लिए तैयार है। ईरान ने वार्ता के लिए 10-सूत्री योजना पेश की है, जिसमें पश्चिम एशिया से अमेरिकी सेना की वापसी, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण शामिल है।

पाकिस्तान ने दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने में अहम भूमिका निभाई। इस हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफकी अपील के बाद ऐसा संभव हो सका। ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि अमेरिका को युद्धविराम की शर्तों का पालन करना चाहिए, जिसमें लेबनान को भी शामिल करना जरूरी है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि लेबनान पर इजराइली हमले 'स्पष्ट रूप से' युद्धविराम का उल्लंघन हैं और इससे वार्ता निरर्थक साबित हो सकती है। वार्ता से पहले इस्लामाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई और 'रेड अलर्ट' घोषित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, 10,000 से अधिक पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

रेड ज़ोन, जहां महत्वपूर्ण इमारतें हैं, सेना और रेंजर्स की सुरक्षा में है और वहां केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश की अनुमति है। ईरान-अमेरिका वार्ता पर पूरी दुनिया की नजर है, क्योंकि इसकी सफलता या विफलता का पश्चिम एशिया की सुरक्षा, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर बड़ा असर पड़ सकता है।








## उत्तरी बंगाल के सिलीगुड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने विशाल रोड शो का नेतृत्व किया

सिलीगुड़ी, (भाषा)।

***उत्तरी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम को एक विशाल रोड शो का नेतृत्व किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए लोग सड़कों पर कतारबद्ध नजर आए।***

शहर के प्रमुख इलाकों से गुज़रने वाला यह रोड शो बागडोगरा हवाई अड्डे के पास से शुरू हुआ। सड़क के दोनों ओर हजारों लोग जमा हो गए और हाथ हिलाते हुए, नारेबाजी करते हुए और प्रधानमंत्री के काफिले पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाते नजर आए। इस दौरान मोदी कुछ देर के लिए अपनी गाड़ी से उतरे, लोगों से बातचीत की और उत्साहित भीड़ का अभिवादन किया, जिससे समर्थकों का जोश और बढ़ गया।

दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उदारता से मैं अभिभूत हूं, जिन्होंने लोगों से बात करने और हमें आशीर्वाद देने के लिए अपने काफिले को रोका। प्रधानमंत्री रविवार सुबह शहर में एक रैली को संबोधित करने के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

**भाजपा के एक नेता ने कहा, ''रोड शो का कोई कार्यक्रम नहीं था, लेकिन लोग प्रधानमंत्री को देखने और उनका अभिवादन करने के लिए खुद ही उमड़ पड़े और अंततः यह एक रोड शो में बदल गया।'' पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में, 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा। मतगणना चार मई को होगी।**


### आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520


## आशा भोसले को छाती में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया

मुंबई, (भाषा)।

***दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को शनिवार शाम को छाती में संक्रमण और कमजोरी के कारण यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पोती जनाई भोसले ने यह जानकारी दी।***

बयानवे-वर्षीय गायिका को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों से पहले यह जानकारी मिली थी कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और फेफड़ों से संबंधित समस्याएं भी थीं। इसके बाद जनाई ने इंस्टाग्राम पर भोसले के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की।

उन्होंने लिखा, ÷मेरी दादी आशा भोसले को अत्यधिक कमजोरी और छाती में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम आपसे निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हैं। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। हम आपलोगों को निश्चित तौर पर सूचित करते रहेंगे। आशा भोसले का करियर आठ दशकों से अधिक का रहा है।

वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं और उन्होंने रोमांटिक गीतों से लेकर ग़ज़लों और जोशीले गानों सहित अनगिनत यादगार गाने गाये हैं। भोसले के कुछ लोकप्रिय गानों में 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को', 'अभी ना जाओ छोड़कर', 'इंतहा हो गई इंतजार की' आदि शामिल हैं।

भोसले ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में 12,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं और मीना कुमारी, मधुबाला, ज़ीनत अमान से लेकर काजोल, उर्मिला मातोंडकर और पद्मिनी तथा वैजयंतीमाला जैसी दक्षिण भारतीय अभिनेत्रियों सहित कई प्रमुख अभिनेत्रियों को अपनी आवाज़ दी है। उन्होंने 2023 में अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दुबई में आयोजित एक विशेष संगीत कार्यक्रम 'आशा90: लाइव इन कॉन्सर्ट' में प्रस्तुति दी। भोसले दिग्गज गायिका दिवंगत लता मंगेशकर की छोटी बहन हैं।





### आवश्यकता है..

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# बहरई परिक्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में दहशत..





जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के वन विकास निगम के बहरई परिक्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में दहशत है। गांगपुर गांव में घर के बाहर सो रहे***

एक नाबालिग पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिसे परिजनों की सतर्कता ने बचा लिया। इस क्षेत्र में महुआ बीनने के दौरान बाघ के हमलों में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है।

### महुआ सीजन में जंगल जाने से डर रहे लोग..

बाघ के हमलों में डोरली निवासी विनोद उड़के सहित दो ग्रामीणों की मौत के बाद लोगों ने जंगल जाना बंद कर दिया है। वर्तमान में महुआ बीनने का सीजन होने के बावजूद ग्रामीण जान के खतरे और मवेशियों पर हमले की आशंका के कारण खेतों और जंगलों की ओर जाने से कतरा रहे हैं।

### 20 कैमरा ट्रैप लगाकर बाघ की तलाश जारी..

वन विभाग ने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए जंगल के विभिन्न हिस्सों में 20 कैमरा ट्रैप लगाए हैं। वन अमला नियमित गश्ती और सर्चिंग अभियान चला रहा है, हालांकि एक सप्ताह बीतने के बाद भी बाघ कैमरों में कैद नहीं हो सका है।

### लोकेशन मिलते ही पिंजरा लगाने की तैयारी..

वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि गेडाम ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सटीक लोकेशन मिलते ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएंगे। लगातार हो रही घटनाओं और ठोस समाधान न निकलने से स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

# घंसौर के मुख्य बाजार में वसूली को लेकर खूनी संघर्ष



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के घंसौर के मुख्य बाजार में शुक्रवार शाम वसूली को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। साप्ताहिक बाजार के दौरान ठेकेदार के लड़कों और दुकानदारों के बीच हुई***

इस भिड़ंत में दो व्यापारियों पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वे लहूलुहान हो गए।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार के कर्मचारी बाजार में वसूली कर रहे थे। जब व्यापारी अमित नामदेव और गणेश नामदेव ने इस पर आपत्ति जताई, तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते ठेकेदार के लोग मारपीट पर उतारू हो गए और धारदार हथियार निकाल लिए। बीच बाजार में हुए इस हमले से भगदड़ मच गई।

### अस्पताल में भर्ती हैं घायल व्यापारी..

स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायल व्यापारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक अमित और गणेश की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है, लेकिन उन्हें चोटें काफी आई हैं। घटना के बाद बाजार में काफी देर तक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला..

हंगामे की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि इस मामले में आरोपी सौरभ शिवहरे और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा ऐसी नौबत न आए।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के ग्राम बादलपार खुर्द निवासी शिवकुमार पाल, पिता विपतलाल पाल (40) का शव जंगल क्षेत्र में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।***

शुक्रवार रात मिली इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने जंगल में युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की गई।

मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक तौर पर हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल से मिले तथ्यों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बिजली की चिंगारी से जली 2 एकड़ गेहूं की फसल स्वाहा



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले से 170 किलोमीटर सुदूर बिकासखंड घंसौर के ग्राम झिंझरई में किसान नारायण सिंह पटेल, उपेंद्र पटेल, अखिलेश पटेल के खेत में गेहूं की फसल***

बिजली के झूलते तार की चिंगारी से आग लग गई ओर देखते देखते फसल जल गई बिजली विभाग की उदासीनता के चलते फसल जाली झूलते तार कई बार मांग के बाद ठीक नहीं किए वही फसल ओर गर्मी को देखते हुए बिजली बंद नहीं करना आग लगने का कारण हे बिजली विभाग की पूर्ण लापरवाही, खसरा नंबर 25 रखवा 0.85 हेक्टर की फसल जलकर खाक हो गई।

तत्काल फसल नुकसानी की मांग ग्रामीणों ने की है वही ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग बुझाई गई वरना पूरे गांव के किसानों की फसल जल जाती जिला प्रशासन से मांग हे कि किसान को तत्काल फसल का मुआवजा दिया जावे।

# मंजूरी के बाद भी अधूरा सुकरी - थांवरी मार्ग..

**दो साल से लटका निर्माण, ग्रामीण परेशान ठेकेदार गायब**



जगप्रेरणा छपारा।

***केवलारी विधानसभा क्षेत्र में जहां एक ओर 9 नए और 6 पुराने मार्गों को मंजूरी मिलने से विकास की उम्मीदें जगी हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।***

छपारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरी से थांवरी मार्ग का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।




जानकारी के अनुसार इस मार्ग के लिए करीब 1.88 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। बावजूद इसके, निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया का निर्माण ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में महज दो दिनों के भीतर शुरू कर अधूरा छोड़ दिया गया।

पिछले करीब चार महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। सड़क पर साइड शोल्डर (किनारे) भी नहीं डाले गए हैं और जो डायवर्जन रोड बनाया गया है, वह भी मानकों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बरसात के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं।

इस कार्य के ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर गायब होने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। कुल मिलाकर यह मामला विकास कार्यों की जमीनी हकीकत पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# कांग्रेस ने मनाई महात्मा ज्योतिराव फुले एवं कस्तूरबा गांधी जी की जयंती



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला कांग्रेस कार्यालय में महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक महात्मा ज्योतिराव फुले एवं कस्तूरबा गांधी जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने इन दोनो महान विभूतियों के छायाचित्र पर दीपप्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया।***

तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने सम्बोधन में नरेश मरावी ने कहा कि महात्मा फुले जिन्होंने महिला शिक्षा, जाति आधारित भेदभाव और छुआछुत के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया, अपनी पत्नि सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर उन्होंने देश में पहला बालिका विद्यालय खोला। छुआछुत, बाल विवाह, सामाज में व्याप्त कुरीतियों का पुरजोर विरोध किया, उनका मानना था कि असमानता और सामाजिक अन्याय का सबसे प्रभावी इलाज शिक्षा ही है।, उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर वंचित वर्गो को सामाजिक और शैक्षणिक न्याय दिलाने का काम किया। श्री मरावी ने आगे कहा कि कस्तूरबा गांधी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन अपने पति महात्मा गांधी जी के पदचिन्हों पर चलते हुये देश के लिए समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठन महासचिव मो. हनीफखान, जेपीएस तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, पवन दिवाकर, विष्णुकरोसिया, रंजीत यादव, राजिक अकील, आदित्य मोन्टू भूरा, श्रीमती गीतासिंह ठाकुर, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, रितिक राय, किशोरी कुंजाम, सरदारसिंह बघेल, शिवदीप डेहरिया, श्यामसिंह माली, सोहेल अमन खान, सतेन्द्र बघेल, नवनीत सिंह बघेल की उपस्थिति रही।

# जिला कांग्रेस कार्यालय मे बाबा साहेब की जयंती 14 अप्रेल को..

जगप्रेरणा सिवनी।

***भारतीय संविधान के शिल्पकार सामाजिक समरसता के मसीहा समाज सुधारक डॉ. भीमराव अम्बेडकर***

जी का जन्म 14 अप्रेल 1891 मउ मध्यप्रदेश में हुआ, जातिगत भेदभाव सहकर बड़ोदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ की छात्रवृत्ति पाकर भी बाबा साहेब ने पढ़ाई की और कोलंबिया और लंदन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र से डाक्टरेड की डिग्री प्राप्त की। बाबा साहेब ने हितकारणी सभा के माध्यम से दलितो की शिक्षा और सामाजिक अधिकारों की लड़ाई लड़ी, उन्होंने मूकनायक पत्रिका की शुभारंभ किया। देश और दुनिया के अंदर सामाजिक जातिगत भेदभाव खत्म करने में बाबा साहेब का अमूल्य योगदान रहा। बाबा साहेब के नेतृत्व में किये गये प्रमुख सार्वजनिक कार्यो में से एक महाण सत्याग्रह, जिसका उद्धेश्य महाराष्ट्र के महाण में सार्वजनिक कुएँ से जल उपयोग करना, दलितो को अधिकार दिलाना, कलाराम मंदिर आंदोलन का उद्धेश्य दलितों को हिन्दु मंदिरो में प्रवेश करने का अधिकार सुरक्षित कराना। बाबा साहेब ने लंदन में गोलमेज सम्मेलन में दलितों के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए, पूना पैक्ट में आम निर्वाचन क्षेत्रों में दलितों के लिए आरक्षित सीटो का प्रावधान किया, वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी रहें।

बाबा साहेब की जयंती कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में 14 अप्रेल 2026, दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे आयोजित है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थिति हेतु अपील की है।


# जबलपुर में युवा कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव का कार्यक्रम 13 को..

जगप्रेरणा सिवनी।

***केन्द्र की सत्ता रूड़ मोदी सरकार द्वारा भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता (ट्रेड डील) और एफस्टीन फाईल के विरोध में दिनांक 13 अप्रेल 2026 को म.प्र. युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया के आव्हान पर कलेक्ट्रेट घेराव का***

कार्यक्रम जबलपुर में आयोजित किया गया है जिसमें अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब का आगमन हो रहा है। श्री चिब, केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की मोहन यादव सरकार की विफलता और जन विरोधी नीति के खिलाफ हूंकार भरेंगे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा ने जिले के सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से जबलपुर में होने जा रहें विशाल कलेक्ट्रेट घेराव आंदोलन में अनिवार्य रूप से भागीदारी सुनिश्चित कर प्रदेश स्तरीय युवा कांग्रेस के आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। श्री भूरा ने सभी युवा साथियों से आग्रह किया है कि एकता ही हमारी शक्ति है। देश एवं प्रदेश में सत्तारूढ़ विनाशकारी भाजपा सरकार को उखाड़ फेकना अति आवश्यक हो गया है। जबलपुर में आयोजित युवा कांग्रेस के इस आंदोलन में शामिल होने के लिए अर्पूवसिंह मोनू बघेल मो.नं. 9584555983 से सर्म्पक कर अपना नाम नोट करा सकते है दिनांक 13/04/2026 दिन सोमवार को इंदिरा भवन, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी से प्रातः 7 बजे जबलपुर के लिए सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एक साथ रवाना होंगे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### उपभोक्ताओं के हित में किये गए संघर्ष और दिवंगत सदस्यों को याद कर

## न्यायिक सदस्य डॉ. महेश चांडक के मुख्य आतिथ्य में उपभोक्ता संरक्षण समिति ने मनाया 35 वां स्थापना दिवस..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***उपभोक्ता संरक्षण समिति बालाघाट का 35 वां स्थापना दिवस का कार्यक्रम जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के न्यायिक सदस्य डॉ0 महेश चांडक के मुख्य आतिथ्य में तथा संतोष असाटी की अध्यक्षता में समिति कार्यालय (असाटी निवास)***







बालाघाट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम समिति अध्यक्ष संतोष असाटी सहित समस्त पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि डॉ0 महेश चांडक का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके साथ ही श्री चांडक द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान बालाघाट जिले में उपभोक्ता न्याय के क्षेत्र में दी गई सराहनीय सेवाओं के साथ ही निष्पक्षता, विधिक कुशलता एवं संवेदनशीलता के साथ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुये न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और सरल कार्यशैली के लिये समिति की ओर से श्री चांडक जी को सम्मान पत्र भेंट किया गया। तत्पश्चात महामंत्री भीवाजी उके द्वारा कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार रखने के उपरांत सभी उपस्थित साथियों को समिति की संशोधित नियमावली 2022 की एक एक प्रति प्रदान की गई तथा आगे की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

### अध्यक्ष संतोष असाटी ने दी 35 वर्षो क जानकारी..

इसके पश्चात अध्यक्ष संतोष असाटी द्वारा 35 वें स्थापना दिवस पर समिति की स्थापना, उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुये 35 वर्ष पूर्व उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने व उन्हें न्याय दिलाये जाने की दिशा में किये गए कार्यो और संघर्ष की जानकारी दी गई तथा वरिष्ठ साथी स्व. त्रिलोकचंद कोचर की अध्यक्षता में इस संस्था के गठन और किये गए 10 अप्रेल 1991 को विधिवत पंजीयन से लेकर अब तक पीडित उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण की दिशा में निःशुल्क सहायता करने के संदर्भ में जानकारी दी। तथा बताया कि इस समिति को शासन की ओर से या अन्य किसी भी स्त्रोत से किसी भी प्रकार का वित्तीय सहयोग प्राप्त नहीं होता बावजूद संस्था ने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिये कार्य जारी रखा। इसके पश्चात समिति के संरक्षक सुरजीतसिंह जी छाबडा द्वारा उपभोक्ताहित में कार्य कर रही इस समिति की कार्यप्रणाली व व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही उनके द्वारा समिति के 35 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में 1100-00 की सहयोग राशि भी समिति को प्रदान की गई।

समिति के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक लोचनसिंह देशमुख द्वारा समिति की स्थापना से लेकर वर्तमान स्थिति तक की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। आपने यह भी जानकारी दी कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने वाली व उपभोक्ताओं को उचित न्याय प्रदान करवाने वाली इस समिति का गठन किये जाने के समय के अधिकांश साथी स्व. त्रिलोकचंद जी कोचर, स्व. मोहनसिंह जी परिहार, स्व. जी0डी0शर्मा जी, स्व. प्रतापसिंह ठाकुर जी, स्व. कृष्णा मिश्रा जी, स्व. शील आनंद जी, स्व. रावेल सिंह गांधी जी, स्व. छेदीलाल जी जायसवाल, स्व. माधव पंडोरिया, स्व. जी0डी0 दीवान जी आदि अब हमारे बीच नहीं हैं जबकि संस्थापक सदस्य प्रो. शोभारानी पिल्लई आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। आपने बताया कि हमारे पूर्व साथियों द्वारा गठित संस्था आज भी 35 वर्षों से निरंतर रूप से उपभोक्ताओं के हितार्थ निशुल्क रूप से कार्य कर रही है।

### बोले डॉ. महेश चांडक..

न्यायिक सदस्य डॉ. महेश चांडक द्वारा अपने उद्बोधन में इस समिति द्वारा उपभोक्ता हित में किये जा रहे कार्यों एवं समिति की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुये विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संभवतः उपभोक्ताओं के हितार्थ कार्य करने वाली प्रदेश में शायद ही ऐसी कोई संस्था होगी जो निरंतर उपभोक्ताहित में 35 वर्षो से कार्य करते आ रही है। डॉ. चांडक द्वारा इस संस्था की कार्यप्रणाली से प्रेरित होकर आगामी माह में इस संस्था की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जाहिर की गई। जिस पर सभी उपस्थित साथियों द्वारा अपनी सहमति भी प्रदान की गई।

### यह रहे उपस्थित..

इस कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के न्यायिक सदस्य डॉ. महेश चांडक, न्यायिक सदस्य श्रीमति हर्षा बिजेवार, उपभोक्ता संरक्षण समिति के संरक्षकद्वय सुरजीतसिंह छाबडा व लोचनसिंह देशमुख, समिति अध्यक्ष संतोष असाटी सहित सर्वश्री शिवशंकर तिवारी, भीवाजी उके, सुभाष गुप्ता, एल0डी0मेश्राम, सुरेश रंगलानी, राजेश गांधी, दिलीप वडीचार, एम0आर0रामटेके, पवन चंदानी, सुरेश टांक, थानीराम कटरे, संजीव जैन (चीनू), ओम प्रकाश भारती, श्याम कौशल, एड0 संदीप नेमा, मोनिल जैन, मोहसिन हबीब, प्रो0 शोभारानी पिल्लई, श्रीमति मंजुला तिवारी, श्रीमति प्रतिमा काम्बले एवं एड. श्रीमति वीणा डोंगरे उपस्थित रहे।

## बालाघाट के प्रतिभाशाली पत्रकार निशांत बिसेन के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन आज..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के युवा प्रतिभाशाली एवं रचनात्मक पत्रकार निशांत बिसेन ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, तथा समूचे मध्यप्रदेश में निशांत बिसेन ने एक स्थान और सम्मान अर्जित किया है, जबकि वहीं होनहार पत्रकार निशांत बिसेन को अब***



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोनयन पर बालाघाट जिले के पत्रकारों द्वारा किया गया सम्मान समारोह आयोजित..

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनोनित किया है। पत्रकारिता के साथ साथ राजनीतिक क्षेत्र में एक उल्लेखनीय स्थान अर्जित कर निशांत बिसेन ने बालाघाट जिले का गौरव बढ़ाया है, जिससे कि बालाघाट जिले के पत्रकारवर्ग में भी हर्ष व्याप्त है, तथा इसी हर्ष के साथ आज 12 अप्रैल को बालाघाट के पत्रकारों द्वारा निशांत बिसेन के सम्मान में होटल ग्रैंड कमल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। आज 12 अप्रैल 2026 दिन रविवार को होटल ग्रैंड कमल में दोपहर 12 बजे से, वरिष्ठ पत्रकार सोहन वैद्य एवं उमेश बाघरेचा के मुख्य आतिथ्य में तथा समाजसेवी राजेश पाठक की अध्यक्षता में निशांत बिसेन का जिले के पत्रकारों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया हे, जिसमें जिले के सभी सम्मानीय पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। सम्मान समारोह के साथ ही पत्रकारों के साथ सहभोज भी रखा गया है, जिसमें सभी सम्माननीय पत्रकार बंधुओं से उपस्थिति की अपील आयोजक पत्रकार समूह ने की है।



### पार्षद सिद्धार्थ शेण्डे की माताजी का दुखद निधन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट नगर के वार्ड नं. 13 के पार्षद बूढ़ी निवासी सिद्धार्थ शेण्डे की माताजी आयु. अरविंदा टीकाराम शेण्डे का आज 11 अप्रैल को सायंकाल 7.30 बजे दुखद निधन हो गया। उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा उनके निज निवास से आज 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे निकाली जायेगी, तथा ढीमरटोला घाट में अंतिम संस्कार किया जायेगा, यह जानकारी भाजपा नेता गजेन्द्र भारद्वाज ने दी।

## एलपीजी उपभोक्ताओं की 01 से 31 मार्च 2026 तक की गई बुकिंग निरस्त..

### पुनः बुकिंग कराने जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग ने की अपील..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के समस्त एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि नवीन वित्तीय सत्र 2026-27 लागू होने के कारण तकनीकी प्रक्रियाओं में बदलाव किए गए हैं। गैस एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 मार्च से 31 मार्च 2026 के बीच की गई अधिकांश गैस रिफिल बुकिंग सत्र परिवर्तन के चलते स्वतः निरस्त हो गई हैं।***

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जिन्होंने उक्त अवधि अर्थात 01से 31 मार्च 2026 की अवधि में गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ है, वे अपनी संबंधित गैस एजेंसी, मोबाइल ऐप या अन्य माध्यमों से पुनः बुकिंग कराएं। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं है, उन्हें आगामी समय में गैस रिफिल बुकिंग में परेशानी हो सकती है। इसलिए सभी हितग्राही शीघ्र अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कर लें। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब गैस सिलेंडर की डिलीवरी के समय ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं, वे तत्काल अपनी गैस एजेंसी में संपर्क कर नंबर अपडेट कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और सभी गैस एजेंसियों द्वारा निरंतर सिलेंडर वितरण किया जा रहा है।

उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर उपभोक्ता संबंधित एलपीजी ऑयल मार्केटिंग कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### नगर पालिका बालाघाट एवं मरारमाली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में

## धुमधाम से बैंड बाजों के साथ किया गया मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत 100 जोड़ों का सामुहिक विवाह..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद बालाघाट एवं मरारमाली महासभा के संयुक्त***








तत्वावधान में नगर के तुरकर भवन में 100 नवयुगल का मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत संपन्न हुआ। मरार माली भवन से दूल्हों के साथ बारात निकाली गई और नाचते-थिरकते हुए विवाह स्थल पर पहुंचकर यहां रीति-रिवाज के अनुरूप धार्मिक परंपराओं के अनुसार सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। योजना के तहत 49 हजार रूपये के डमी चेक भी दिये गये।

### धार्मिक रीति-रिवाज के अनुरूप हुआ विवाह..

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया जिसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत हुआ। मंडप के हवनकुण्ड में अग्नि प्रज्वलित की गई और पुरोहितों के द्वारा वैवाहिक मंत्रोच्चार किया गया। जहां हिंदू धार्मिक परंपरा के तहत जोड़ों के द्वारा अग्नि के सात फेरे लेकर जीवनसाथी की रक्षा एवं साथ निभाने का वचन देते हुए मांग में सिंदूर भरकर अर्धांगिनी स्वीकार किया। उपस्थित घराती और बारातियों के द्वारा पुष्पवर्षा कर सुखद वैवाहिक जीवन की कामना कर आशीर्वाद दिया गया। इस आयोजन में 85 जोड़े हिंदू धर्म तथा 5 जोड़े बौद्ध समाज एवं 10 जोड़े आदिवासी समाज पात्रता के अनुरूप सम्मिलित किये गये थे।

### बोली नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर..

आयोजन की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने प्रस्तावना रखी जिसमें उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना का परिणाम है कि सुखद क्षण देखने को मिल रहे है। केन्द्र और प्रदेश की सरकार चिंतन रहता है कि महिलाओं को सशक्त कैसे बनाया जाये इसमें नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या योजना लोकप्रिय होने के साथ ही सशक्तिकरण का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि पहले माता-पिता को चिंता होती थी कि बेटी के हाथ पीले कैसे किये जाये लेकिन यह जिम्मेदारी अब हमारी सरकार ने ली है जिसका प्रतिफल देखने को मिल रहा है उनके सुखद गृहस्थ जीवन के लिये 49 हजार रूपये भी बेटियों के खाते में दिये जाते है जिससे कि वे आत्मनिर्भर बन सके।

### बोले पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे..

भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मरार माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक विवाह समारोह नहीं है, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और एकता का प्रतीक है। पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में कई कठिनाइयाँ आती थी, कई बार संसाधनों के अभाव में विवाह रुक जाते थे। ऐसे समय में इस योजना ने उन परिवारों को सहारा देने का काम किया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग को एक समान अवसर मिले और कम खर्च में गरिमामय विवाह संभव हो सके। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। श्री कावरे ने महिला सशक्तिकरण को लेकर भाजपा सरकार के नीतियों की प्रशंसा की और बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है इसके लिये उन्होंने टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल देकर समर्थन किये जाने का आग्रह किया।

### इनकी रही उपस्थिति

नपा एवं मरार माली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में हुये इस मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आयोजन में प्रमुख रूप से श्रीमती रेखा बिसेन, सत्यनारायण अग्रवाल, भाऊराम गाढ़ेश्वर, रमाकांत डहाके, मीना चावड़ा, नपा सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, कमलेश पांचे, संगीता कावरे, पार्षद श्वेता सौरभ जैन, नरगिस खान, विनोद दीनू बसेने, गजेन्द्र भारद्वाज, विशाल मंगलानी के साथ ही खगेश कावरे, विनय बोपचे, मोनिल जैन, सुधीर गुड्डू चौधरी सहित मरारमाली महासभा राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलास्तर के पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु, घराती एवं बारातियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आयोजन में नगर पालिका परिषद बालाघाट के योजना शाखा सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। मंच संचालन योगिता बापचे एवं जैनेन्द्र कटरे द्वारा किया गया वहीं उपस्थितों का आभार नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने व्यक्त किया। विवाह संपन्न कराने के उपरांत भोजन कराकर विदाई गीतों के साथ वर-वधु को विदाई दी गई।

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयुष विभाग ने लगाए स्वास्थ्य शिविर

जगप्रेरणा बालाघाट।

***हैनिमेन जयंती एवं विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, बालाघाट द्वारा जिले में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न चिकित्सा शिविरों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के रूप में मनाया जाता है।***







कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों को निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श, औषधि वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकता अनुसार रक्त जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने इस अवसर पर होम्योपैथी के मूल सिद्धांत ÷समरूपता का सिद्धांत (ख्द्मद्र ष्ह्वह्लद्धह्य द्यद्बद्मद्र)÷ की जानकारी देते हुए इसे सुरक्षित, सरल और प्रभावी उपचार पद्धति बताया।

जिला चिकित्सालय परिसर स्थित शासकीय होम्योपैथी औषधालय (आयुष विंग) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पार्षद श्री समीर जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी, प्राचार्य वासंती मंडलेकर, समाजसेवी श्री ज्ञानचंद चोपड़ा सहित डॉ. दीपाली चौके, डॉ. खुशबू मेश्राम, डॉ. सिंधु ठावरे, डॉ. हर्षा अजीत एवं आयुष विंग के पैरामेडिकल स्टाफ, महिला एवं बाल विकास विभाग की नेहा ठाकुर तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिले के अन्य होम्योपैथिक औषधालयों–लांजी, कुम्हारी, परसवाड़ा, बैहर एवं महेंदीवाड़ा–में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जहां आमजन को निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर होम्योपैथी के प्रति जागरूक किया गया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# परसवाड़ा में 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह, घटती संख्या पर गरमाई सियासत..

### विधायक ने लगाए भेदभाव के आरोप, जनपद अध्यक्ष बोले - शासन के अनुसार तय हुआ लक्ष्य..










जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 11 अप्रैल को परसवाड़ा में 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह परंपरागत रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। लेकिन इस आयोजन के साथ ही क्षेत्रीय राजनीति भी तेज हो गई।***

जहां एक ओर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया, वहीं दूसरी ओर विवाह की संख्या में आई कमी को लेकर मंच से ही राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम मंदिर प्रांगण से बारात निकलने के साथ हुई। दूल्हे घोड़ी और बैंड-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए विवाह स्थल छात्रावास परिसर पहुंचे। पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा। विवाह स्थल पर बौद्ध, आदिवासी और हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विधिवत विवाह संपन्न कराए गए। आयोजन में वर-वधुओं और उनके परिजनों के लिए भोजन, पूजन सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई थीं।

### 'सामाजिक योजना से राजनीतिक मुद्दा बना आयोजन'

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना, जो मूलतः गरीब परिवारों की सहायता के उद्देश्य से चलाई जा रही है, इस बार परसवाड़ा में राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गई। पहले जहां इस क्षेत्र में सैकड़ों जोड़ों का विवाह कराया जाता था, वहीं इस बार संख्या घटाकर 100 कर दी गई, जिससे कई पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित रह गए।

यही मुद्दा कार्यक्रम के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में रहा और मंच से ही जनप्रतिनिधियों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए।

### विधायक मधु भगत का तीखा हमला–'परसवाड़ा की अनदेखी बर्दाश्त नहीं'

विधायक मधु भगत ने अपने उद्बोधन में सीधे तौर पर प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णयों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि परसवाड़ा जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जहां पहले 300 से 500 जोड़ों तक के सामूहिक विवाह होते थे, वहां इस बार केवल 100 जोड़ों तक संख्या सीमित कर देना क्षेत्र के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, लेकिन जानबूझकर चयन सीमित किया गया, जिससे कई गरीब परिवारों की उम्मीदें टूट गईं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पहले 11 अप्रैल को केवल परसवाड़ा में आयोजन तय था, लेकिन बाद में अन्य स्थानों को जोड़कर संख्या कम कर दी गई, जो संदेह पैदा करता है। विधायक ने इसे ÷छोटी मानसिकता का परिचय÷ बताते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्र के साथ इस प्रकार का व्यवहार उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब जरूर देगी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा और वंचित हितग्राहियों के लिए सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

### सांसद का संतुलन - 'योजना गरीबों के लिए वरदान, वंचितों को मिलेगा मौका'

सांसद भारती पारधी ने अपने संबोधन में अपेक्षाकृत संतुलित रुख अपनाया। उन्होंने सामूहिक विवाह को ÷अनेकता में एकता÷ का उदाहरण बताते हुए कहा कि इस मंच पर विभिन्न समाजों के लोग एक साथ विवाह बंधन में बंधते हैं, जो सामाजिक समरसता को मजबूत करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जो अपनी बेटियों के विवाह को लेकर चिंतित रहते हैं। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि सीमित लक्ष्य के कारण कुछ जोड़े इस बार वंचित रह गए हैं, लेकिन उन्हें आगामी आयोजनों में प्राथमिकता दी जाएगी।

### अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जताई नाराजगी..

जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे ने विवाह की संख्या में आई कमी को ÷विडंबना÷ बताते हुए कहा कि पहले जहां 400-500 जोड़ों का विवाह होता था, वहां अब संख्या घटकर 100 रह जाना चिंताजनक है। उन्होंने मंच से ही सभी जनप्रतिनिधियों से इस मुद्दे को सदन में उठाने की अपील की। जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर पटेल ने भी नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो पात्र हितग्राही इस बार वंचित रह गए हैं, उन्हें जल्द ही योजना का लाभ दिलाया जाना चाहिए।

### जनपद अध्यक्ष का बचाव- 'नीति और लक्ष्य शासन तय करता है'

विवाद के बीच जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे ने प्रशासनिक पक्ष रखते हुए कहा कि विवाह की संख्या शासन द्वारा निर्धारित की जाती है और उसी के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने किसी भी प्रकार के भेदभाव से इनकार करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नीति निर्माण और लक्ष्य निर्धारण विधानसभा स्तर पर होता है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए लक्ष्य बढ़ाने की आवश्यकता है, तो जनप्रतिनिधियों को इस विषय को विधानसभा में उठाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए भविष्य में संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

### योजना के लाभ और जमीनी हकीकत..

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 51,000 की सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 49,000 सीधे कन्या के खाते में और 6,000 आयोजन व्यय के रूप में दिए जाते हैं। वर्ष 2006 से संचालित यह योजना प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बनी हुई है। लेकिन परसवाड़ा में सामने आया विवाद यह संकेत देता है कि जमीनी स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में कई चुनौतियां हैं, खासकर तब जब आवेदन संख्या अधिक हो और लक्ष्य सीमित।

### आगे क्या होगा ?

परसवाड़ा का यह आयोजन अब केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह राजनीतिक बहस का मुद्दा बन चुका है। एक ओर विधायक द्वारा उठाए गए भेदभाव के आरोप हैं, तो दूसरी ओर प्रशासन शासन के नियमों का हवाला दे रहा है। अब देखना होगा कि यह मामला विधानसभा तक पहुंचकर क्या रूप लेता है और क्या भविष्य में इस क्षेत्र के लिए विवाह की संख्या बढ़ाई जाती है या नहीं। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार वंचित रह गए हितग्राहियों को कब तक योजना का लाभ मिल पाता है।

### आयोजन में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक मधु भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कांतिलाल राहंगडाले, एसडीएम श्रीश प्यासी, जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, रामेश्वर धानेश्वर, धारासिंह मर्सकोले, करण तेकाम, भाजपा मंडल प्रभारी तपन (राजा) चौधरी वरिष्ठ पत्रकार शिखरचंद जैन, सरपंच जगदेव मेरावी, उपसरपंच भजनलाल उइके, पूर्व मंडी अध्यक्ष संपत पटेल, शिव पटले, लोकेश राहंगडाले, अशोक अवधिया, बलराम उइके, निरख अमूले, सुधीर पटले, तेजराम बोरिकर, मनोज साहू, तहसीलदार पूर्णिमा भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया व्यक्ति, न्यायालय में पेश..







संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की सतर्कता से एक व्यक्ति को जंगल में आग लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।***

भ्रमण के दौरान वन कक्ष क्रमांक 1803 में एक व्यक्ति शोभाराम पिता रूपसिंह द्वारा आग लगाया जा रहा था। घटना के बाद विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गश्त के दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को आग लगाते हुए पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

अधिकारियों ने बताया कि जंगल में आग लगाना एक गंभीर अपराध है, जिससे वन संपदा, वन्यजीव और पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। बाद में आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की कार्यवाही जारी है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगलों में आग न लगाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# टीईटी अनिवार्यता खत्म करने सहित दो सूत्रीय मांगों को लेकर परसवाड़ा में शिक्षकों का प्रदर्शन, सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शनिवार को नगर में शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विशाल रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया।***

हनुमान मंदिर परसवाड़ा से प्रारंभ हुई यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय पहुंची। रैली में ब्लॉक परसवाड़ा भर से आए सैकड़ों से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए, जिन्होंने अपनी दो सूत्रीय मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

रैली के पश्चात संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद भारती पारधी को ज्ञापन सौंपा, वहीं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी परसवाड़ा श्रीश प्याशी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञ्ज्श्वञ्ज) की अनिवार्यता समाप्त करने तथा नवीन शैक्षणिक शिक्षक संवर्ग की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।

संयुक्त मोर्चा के संयोजक रामलाल शरणागत एवं सदस्य सुरेंद्र कुमार पडवारे ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च तथा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 26 मार्च को जारी आदेशों के तहत नॉन-ञ्ज्श्वञ्ज शिक्षकों को ञ्ज्श्वञ्ज परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है और वे मानसिक तनाव की स्थिति में हैं। उन्होंने इन आदेशों को तत्काल निरस्त करने के साथ ही मध्यप्रदेश शासन से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग भी उठाई।

दूसरी प्रमुख मांग के रूप में शिक्षकों ने नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग रखी। उनका कहना है कि इससे पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभों के साथ-साथ पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के अवसर भी सुनिश्चित हो सकेंगे।

इस आंदोलन में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुटता का परिचय दिया, जिनमें आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, शासकीय शिक्षक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य अध्यापक शिक्षक संघ, टीडब्ल्यूटीए परसवाड़ा, मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस संघ एवं पीएमयूएमएस शिक्षक संघ सहित अन्य संगठन शामिल रहे।

रैली का नेतृत्व रामलाल शरणागत, सी.आर. चौधरी, चंद्रभान क्षीरसागर, मनीष ब्रम्हे, नरेंद्र डोंगरवार, प्रमोद गौतम, हिमांशु घोड़ेश्वर, सुरेंद्र कुमार पडवारे, संतोष मेश्राम, योगेश कटरे, नूतन कुमार धारने, हेमंत कुभरे सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं और आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र- सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। साथ ही शासन से संवेदनशीलता एवं न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र निराकरण की अपेक्षा जताई।

# नारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन, महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर







जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को वर्चुअल कक्ष में 'नारी वंदन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. मराठे ने कहा कि नारी की भूमिका समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। नारी के बिना समाज की उन्नति, प्रगति और निरंतरता की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, ऐसे में समाज में नारी का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।

आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं ईश्वर का वास होता है। वर्तमान समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती किरण सुनेरी ने नारी वंदन को महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही नारियों को उच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नारी में सृजन की अद्भुत शक्ति होती है और इतिहास में भी महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने महिलाओं को आत्मसशक्त बनने और अपनी पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय वक्ता श्रीमती ओमेश्वरी एडे ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कराते हुए नारी को परिवार की धुरी और बच्चों की प्रथम गुरु बताया। उन्होंने कहा कि नारी में पृथ्वी के समान सहनशीलता होती है, जो उसे विशेष बनाती है।

कार्यक्रम में संयोजक डॉ. कंचन मसराम, सह संयोजक डॉ. प्रतिमा बिसेन, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. रचना कोरी, डॉ. आशा गोहे, प्रो. अनिल हनवत, प्रो. पुष्पलता कमलेशिया, प्रो. साजिया तबस्सुम, डॉ. मिथलेश्वरी घोरमारे, डॉ. ताराचंद बडघैया, प्राशु गौतम सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिमा बिसेन द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कंचन मसराम ने व्यक्त किया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

# कृषि अधिकारियों ने नाहरवानी में किया फसलों का निरीक्षण किसानों को दिया आवश्यक मार्गदर्शन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को बेहतर खेती के लिए प्रोत्साहित करने एवं फसलों की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से निरंतर मैदानी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं सहायक संचालक श्री राजेश खोबरागड़े ने शनिवार 11 अप्रैल को बालाघाट विकासखंड के ग्राम नाहरवानी का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषक चितरंजन घरडे के खेत पहुंचकर उड़द एवं तिल की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने फसलों की वृद्धि, पौधों की स्थिति एवं खेत प्रबंधन की जानकारी लेते हुए किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि वे समय-समय पर फसल की निगरानी करें तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करें। इसके पश्चात उन्होंने कृषक राजेश फाये के खेत का भी निरीक्षण किया, जहां कुसुम फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कुसुम फसल की देखरेख, सिंचाई प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान सिंचाई सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने खेत में चल रहे ट्यूबवेल खनन कार्य का अवलोकन करते हुए कहा कि सिंचाई के समुचित साधन होने से फसल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों को जल संरक्षण एवं कुशल सिंचाई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।

अधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग किसानों के साथ खड़ा है और उन्हें हर संभव तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य किसान भी उपस्थित रहे और उन्होंने कृषि अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।






जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार

रविवार 12 अप्रैल 2026




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900




# विधायक गौरव पारधी ने किन्ही, टेमनी और मोहगांव बैजू में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

## ग्राम किन्ही में सीसी रोड का भूमिपूजन

जगप्रेरणा कटंगी।

***ग्राम किन्ही में विधायक गौरव पारधी ने सीसी रोड का भूमिपूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में किन्हीं सरपंच सुरेंद्र उपवंसी, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय मेश्राम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी,***

जिला मंत्री अरुणा गजभिए, जनपद सदस्य श्रीमती हेमलता झंकार सिंह कटरे, मंडल अध्यक्ष भाजपा ज्ञानेश रहांगडाले, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा विश्वेश्वर सोनवाने, पूर्व महामंत्री भाजपा अनिल कुरवे, पूर्व सरपंच किन्हीं राजेश शिवहरे, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा देवेन्द्र लिल्हारे, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा फिरोज ठाकरे, उपसरपंच जितेन्द्र दमाहे उपस्थित रहे।







## टेमनी में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ

इसी कड़ी में ग्राम टेमनी में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया।

ग्रामीणों ने इसे ग्राम की आवश्यकता के अनुरूप महत्वपूर्ण कार्य बताया और विधायक के प्रयासों की सराहन की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिंह बहेटवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, मंडल अध्यक्ष भाजपा ज्ञानेश रहांगडाले, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय मेश्राम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा देवेन्द्र लिल्हारे, पूर्व मंडल महामंत्री अनिल कुरवे, पुष्पेन्द्र देशमुख, जिला मंत्री अरुणा गजभिए, विश्वेश्वर सोनवाने, फिरोज ठाकरे, सालीकराम धुवारे, सरपंच नकुलपसाद लिल्हारे, उपसरपंच दुर्गा प्रसाद लिल्हारे अन्य अतिथिगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मोहगांव बैजू में सीसी रोड का भूमिपूजन

ग्राम पंचायत मोहगांव बैजू में 14.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया।

इस अवसर मोहगाव बैजू सरपंच मोहित कटरे, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय मेश्राम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा ज्ञानेश रहांगडाले, देवेन्द्र लिल्हारे, अनिल कुरवे, जनपद सदस्य श्रीमती हेमलता झंकार सिंह कटरे, पुष्पेन्द्र देशमुख, अरुणा गजभिए, विश्वेश्वर सोनवाने, चुन्नी लाल रहांगडाले, तिथराज मोरघडे, श्रीमती रामकला मेश्राम, उपसरपंच बालकृष्ण ठाकरे एवं अन्य अतिथिगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो दर्जन रचनाकारो की पुस्तके पाठको के दिलो को छूयेगी और ज्ञान का प्रकाश फैलायेगी.. प्रदीप जायसवाल

## उड़ान अंतरा शब्द शक्ति के कार्यक्रम मे वेबसाइड का पुनर्लोकर्पण एवं साहित्य वेबपेज का किया गया शुभारंभ

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर में उड़ान अंतरा शब्द शक्ति का कार्यक्रम भव्य समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ अन्य अतिथीयो के हस्ते 22 पुस्तकों का लोकार्पण, वेबसाइड का पुनर्लोकर्पण एवं साहित्य वेबपेज का शुभारंभ किया गया।***







समारोह मे काव्य क्षेत्र के अलावा गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विकास दवे निदेशक मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी भोपाल मध्यप्रदेश, विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप जायसवाल पूर्व कैबिनेट मंत्री, मुकेश दुबे वरिष्ठ साहित्यकार सीहोर, डॉ भारती सुराना स्त्री रोग विशेषज्ञ वारासिवनी उपस्थित रहे। जिनका संस्था के द्वारा भव्य सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छाया पर पूजन अर्चन के साथ हुआ। सुश्री अलका चैधरी द्वारा सुमधुर कंठ से सरस्वती वंदना की गई। अंतरा शब्दशक्ति की संस्थापक प्रीति सुराना द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। साथ ही अंतरा शब्द शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अतिथियों के द्वारा अंतरा शब्दशक्ति द्वारा प्रकाशित विभिन्न साहित्यकारों की 22 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया।

साथ ही वेबसाइड का पुनर्लोकर्पण एवं साहित्य वेबपेज का शुभारंभ किया गया। सभी साहित्यकारों जिनकी पुस्तकों का लोकार्पण हुआ उन्हें मंच से सम्मानित भी किया गया। इसी तारतम्य में कीर्ति वर्मा, अलका चैधरी, पूजा राठौड़, संदीप सोनी, रमा टेकाम, अदिति रूसिया, ऋतु कोचर, सौरभ संचेती सहित अंतरा परिवार के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वारासिवनी देश के साहित्यिक फलक पर अपनी जगह बना रहा है। ये हम सबके लिए गौरव की बात है। साहित्यिक ऋति के सफल लोकार्पण पर वे रचनाकारो को हार्दिक बधाई प्रदान करते है। यह उपलब्धि आपकी कडी मेहनत, रचनात्मक और हिंदी साहित्य के प्रति समर्पण का प्रतिक है। यह पुस्तके पाठको के दिलो को छूयेगी और ज्ञान का प्रकाश फैलायेगी।

डॉ विकास दवे ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए अनेक उद्धरणों के माध्यम से कहा साहित्य से ही हमारे संस्कारों की मजबूती मिलेगी । नई पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना जगाने, और डिजिटल युग में साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन जरूरी है। डॉ भारती सुराना ने अंतरा शब्द शक्ति के प्रयासों की सराहना करते हुये सभी को बधाई दी।

मुकेश दुबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संपादक मंडल के एवं रचनाकारों के अथक प्रयासों की सराहना की। जिन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर इस उत्कृष्ट कृति को पाठकों के सामने लाने के लिए कड़ी मेहनत की। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सबको किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। अंत में अंतरा शब्द शक्ति की महासचिव कीर्ति वर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सर्वश्री बुलाकीचंद सुराना, समकित सुराना, गुलाबचंद देशलहरा, जैनम सुराना, जयति सुराना, श्रेया कोचर, भव्य सुराना, संजय रूसिया, प्रणय श्रीवास्तव अश्क, अंतू झकास, भाऊराव महंत, किशोर छिपेश्वर सहित सभी साहित्य प्रेमी बंधु सहित पूरा अंतरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम मे कुशल मंच संचालन का दायित्व ओजस्वी वक्ता शानू सिंघई के द्वारा उठाया गया।

# तिरोड़ी में नारी शक्ति का हुआ सम्मान



जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***हमारी संस्कृति में महिलाओं को शक्ति का स्वरूप माना गया है अर्धनारीश्वर के रूप में शिव के प्रमुख अंग के रूप में मां पार्वती को पूजा जाता है***

नवरात्र, नवदुर्गा आदि अनेक महापर्वों के माध्यम से भी नारी के अनेक स्वरूपों को सृष्टि की रचयिता के रूप में आराधना की जाती है। विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में मातृशक्ति का सहयोग एवं समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ तिरोड़ी में आभार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमें तिरोड़ी नगर के विभिन्न महिला मंडलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में अपार सहयोग एवं समर्पण हेतु सम्मान किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता तिरोड़ी श्री प्रत्युष दुबे द्वारा बतलाया गया कि विगत अनेक वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में मातृशक्ति का सहयोग एवं आशीर्वाद हमें प्राप्त होता रहा है, इसी के दृष्टिगत यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमें नगर के विभिन्न मातृशक्ति का 'स्मृति चिन्ह' शिल्ड के माध्यम से सम्मान किया गया है। श्री दुबे द्वारा बतलाया गया विगत दिनों तिरोड़ी नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन ग्रह संपर्क अभियान आदि अनेक कार्यक्रमों एवं आयोजनों में नगर की मातृशक्ति का अपार सहयोग एवं आशीर्वाद हम कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ है एवं आयोजन सफल होते हैं। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की भविष्य में भी मातृशक्ति एवं नारी शक्ति के अपार सामर्थ और सहयोग से हम सभी मिलकर अनेको सामाजिक अभियानों को सम्पन करने में निश्चित रूप से सफल होंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न महिला मंडल महिला मंडलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अमूल्य विचार एवं सुझाव भी साझा किये गए। उक्त समारोह में तिरोड़ी नगर में नारी शक्ति के सहयोग से वृहद अभियान के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया जाने हेतु तिरोड़ी नगर को पूर्ण नशा मुक्त बनाने की ओर एक सार्थक पहल किये जाने का निर्णय भी लिया गया।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433







## महिलाओं के संघर्ष से परिवार सशक्त बनता है - केसर बिसेन

# उषा सिलाई स्कूल के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पहुंची जिपं सभापति, जनपद सदस्य चैधरी ने भी बढ़ाया उत्साह..

## 15 गांवों की जरूरतमंद महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा कटंगी।

***उषा इंटरनेशनल एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वीमेन चाइल्ड एंड यूथ डेवलपमेंट भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम के तहत आयोजित 9 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ।***

प्रशिक्षण समापन के अवसर पर जिला पंचायत सभापति केसर बिसेन, जनपद सदस्य पूरन लाल चैधरी महिला प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे। प्रशिक्षण में शामिल हुई कटंगी क्षेत्र के 15 गांवों की महिलाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत महिला एवं बालविकास सभापति केसर बिसेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को संघर्ष करने में कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। बिना संघर्ष के महिला का जीवन किसी आयाम पर नहीं पहुंच सकता। आज की महिलाओं में संघर्ष करने की क्षमता बढ़ी है महिलाएं अपने अंदर छिपे कौशल को माध्यम बनाकर सफलता अर्जित कर रही है। श्रीमती बिसेन ने प्रशिक्षण में सम्मिलित हुई महिलाओं से अपने जीवन से जुड़े अनुभव साझा करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संघर्षशील महिला परिवार एवं समाज को सशक्त बनाने में योगदान देती है।

उषा इंटरनेशनल के असिस्टेंट मैनेजर पवन कुमार वर्मा ने बताया कि 02 अप्रैल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में कटंगी ब्लॉक के 15 गांवों की महिलाएं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चयन प्रक्रिया में आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा, आदिवासी एवं बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्राथमिकता दी गई ताकि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरु की गई इस योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद वर्ग तक पहुँच सके। अपने कार्य का विस्तार करें महिलाएंरू चैधरी जनपद अध्यक्ष पूरनलाल चैधरी ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से कहा कि उन्होंने इस प्रशिक्षण में जो कुछ सीखा है उसको स्वयं तक सीमित न रखते हुए उसका ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार करें और स्वरोजगार को स्थापित करें। ताकि प्रशिक्षण को लेकर तय लक्ष्य एवं उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। श्री चैधरी ने प्रशिक्षण के आयोजक संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

## सिलाई की एक-एक बारीकी सिखाई

इस आवासीय प्रशिक्षण में महिलाओं को केवल सिलाई ही नहीं सिखाई गई, बल्कि स्वरोजगार के लिए जरूरी हर पहलू पर काम किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सलवार सूट, ब्लाउज, शर्ट, कुर्ता-पायजामा सिलाई, ग्राहकों की सही नाप लेने की विधि तथा सिलाई मशीन की छोटी-मोटी खराबी ठीक करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी प्रशिक्षक शैलेश कुमार प्रजापति के नेतृत्व में ट्रेनर सरला जी, नंदा जी एवं देव बोपचे जी ने महिलाओं को बारीकियाँ सिखाई।

## आत्मनिर्भर बनने दिखा उत्साह

समापन समारोह में सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र, निःशुल्क सिलाई मशीन, प्रशिक्षण बोर्ड, बुक एवं मैन्युअल प्रदान किए गए। हाथों में सिलाई मशीन और चेहरे पर आत्मविश्वास लिए महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़े होने को तैयार दिखीं।

## गाँव-गाँव पहुँचेगा हुनर

उषा इंटरनेशनल की इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्रशिक्षण यहीं खत्म नहीं होगा। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अब अपने-अपने गांवों में उषा सिलाई स्कूल संचालित करेंगी। वहाँ वे अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार की नई चेन तैयार करेंगी। इससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन पर भी रोक लगेगी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# तहसील किरनापुर का प्रदीप सेन ने पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले के किरनापुर तहसील के अन्तर्गत हिर्री ग्रामवासी प्रदीप सेन ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राजनीति विज्ञान विषय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से पीएचडी की***

उपाधि प्राप्त की है इस उपलब्धि से उनके माता-पिता कुँवरचन्द सेन उमा सेन भाई कुलदीप सेन ,पढ़ाई के सफर में साथ देने वाले गुरु एवं स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के प्राचार्य अनिता तारन, शिक्षक सुरेन्द्र चित्रीव, घनश्याम रामटेके, धनराज पट्टावी, वन्दना पटले एवं समस्त स्टाफ तथा समस्त ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है उन्होंने कहा कि आपकी कड़ी मेहनत,लग्न और समर्पण रंग लाई है यह उपलब्धि आपके उज्जवल भविष्य कि शुरुआत है आप भविष्य में भी इसी तरह सफलता कि नई ऊंचाइयों को छुते रहे आपका यह शोध समाज में सकारात्मक योगदान देगा आपने यह साबित कर दिया कि समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है यह आपके शानदार केरियर कि शुरुआत है आपके नए सफर के लिए दिल कि गहराईयों से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।



प्रदीप सेन ने अपना शोध कार्य जबलपुर विधानसभा चुनाव 2023 एवम् आम चुनाव 2024मे सोशल मीडिया कि भुमिका विषय पर सफलतापूर्वक संपन्न किया उनके शोध में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में सोशल मीडिया के प्रभाव का गहन विश्लेषण किया गया है जिसे विशेषज्ञों द्वारा सहराया गया अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, रिसर्च गाइड प्रोफेसर रंजना मिश्रा, प्रेरणा देने वाले शिक्षक मकबूल मोहम्मद कुरेशी एवं मित्रों को दिया जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

विदित हो कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर से अपनी विद्यालयी शिक्षा पूर्ण की तथा इसी विद्यालय से मकबूल मोहम्मद कुरेशी स्काउट मास्टर के कुशल मार्गनिर्देशन में 2005 में स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार भुतपूर्व राज्यपाल स्वर्गीय महामहिम राज्यपाल बलराम जाखड़ एवं 2007 मे राष्ट्रपति अवार्ड भूतपुर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम के हस्ते प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त ग्रामवासियों में खुशी कि लहर व्याप्त है इसी तरह कामयाबी कि मंज़िल कि ओर बढ़ते रहे।

# भानेगांव ग्राम विकास को मिलेगी समग्र गति- विधायक करहिे..

**महत्वपूर्ण कार्यो का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन..**





जगप्रेरणा भानेगांव।

***क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहिे के द्वारा 11 अप्रैल जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत भानेगांव पंहुचकर विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।***

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार करहिे, जिपस ज्योति उमरे, रेवाजी करहाटकरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सीताराम रावते, सरपंच राम ठाकरे, लीलाधर रावते, सालिकराम बेदरे, छोटेलाल भागडक़र, लक्ष्मण नाकतोड़े, जागेश्वर रावते, प्रकाश आठोड़े सहित अनेक गणमान्य एवं आमंत्रित अतिथि गणो तथा स्थानीय जनो की उपस्थिती में ग्राम पंचायत भानेगांव के प्रांगण में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम शुभारंभ विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर किया गया।

## इन निर्माण कार्यो का विधायक के हस्ते हुआ भूमिपूजन लोकार्पण..

ग्राम पंचायत भानेगांव में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक राजकुमार करहिे के द्वारा किया गया जिनमें गौण खनिज अन्तर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्राथमिक शाला टेकरीटोला। जनपद पंचायत निधी से अतिरिक्त कक्ष निर्माण हायर सेकेण्डरी स्कूल लोकार्पण 15वें वित्त से। गिरीश दूबे के मकान से चुरामन झगराहे के मकान तक सीसी रोड़, 15वें वित्त से, वार्ड क्रमांक 1 पीपरटोला में सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण हनुमान मंदिर के सामने। पीपरटोला आंगनवाड़ी केन्द्र के पास आरसीसी नाली निर्माण कार्य विधायक निधी से।

टेकरी टोला कबीर पंथ सभा गृह देव पुजारी डामा क्लब में सौन्दर्यीकरण पेवर ब्लॉक सभा गृह, बड़ा नाला मोक्षधाम में सौन्दर्यीकरण, सभा गृह बैठक हॉल, हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में ओपन जीम व ट्रांसफार्मर निर्माण कार्य इन सभी कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण उपस्थित अतिथियो के द्वारा किया गया।

मंच को संबोधित करते हुये विधायक राजकुमार करहिे ने कहा इन सभी निर्माण कार्यो से क्षेत्र के लोगो को बेहतर सुविधायें प्राप्त होगी। आपने विभिन्न योजनाओ के बारे में भी जनता को जानकारी प्रदान की तथा उनके लाभ लिये जाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सरपंच राम ठाकरे के द्वारा समस्त अतिथियो एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ग्राम के उपसरपंच सुरेश पांचे, पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# टीईटी को अनिवार्य बनाने के आदेश को निरस्त करें सरकार, विरोध में रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा लांजी।

***शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर देशभर में शिक्षकों के बीच नाराजगी और विरोध का माहौल लगातार गहराता जा रहा है। कई राज्यों में शिक्षक संगठन इसे अपने हक़***

और वाजिब मांगों के खिलाफ मानते हुए मुखर विरोध जता रहे हैं। इसी कड़ी में जिले की लांजी तहसील में भी अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे कर्मियों पर दोबारा परीक्षा का दबाव डालना नाइंसाफी है, जिससे वे मानसिक दबाव और असमंजस की स्थिति में हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, विकासखंड लांजी जिला बालाघाट के बैनर तले समस्त शिक्षक संगठनों ने शनिवार को रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य बनाए जाने के हालिया आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।








ज्ञापन के अनुसार, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 28 मार्च 2026 को जारी आदेशों से प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है, जिससे शिक्षक वर्ग में भारी असंतोष और बेचैनी व्याप्त है। मोर्चा ने मांग की है कि इन आदेशों को तुरंत रद्द किया जाए तथा राज्य शासन की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए, ताकि शिक्षकों के हितों की हिफ़ाज़त हो सके। इसके साथ ही नवीन शैक्षिक संवर्ग के शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांग को दोहराते हुए सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग भी रखी गई। शिक्षकों का कहना है कि इससे पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण एवं पदोन्नति जैसे वैधानिक लाभ सुनिश्चित हो सकेंगे।

शिक्षक संघ ज्ञापन सौंपने से पहले बीआरसी कार्यालय से सैकड़ों शिक्षकों की रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। इस दौरान शिक्षकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। गौरतलब है कि इससे पूर्व 8 मार्च को भी हजारों शिक्षकों ने जिला मुख्यालय में भी बालाघाट कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था। शिक्षकों द्वारा किए जा रहे लगातार विरोध से साफहै कि टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा अब व्यापक आंदोलन का रूप लेता जा रहा है और यदि समय रहते इस पर संजीदगी से गौर नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और भी तेज हो सकता है। उक्त प्रदर्शन में आजाद अध्यापक संघ, राज्य शिक्षा संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, शासकीय शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गणो के द्वारा उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा गया।

# शोषित,पीड़ित समाज मे शिक्षा की अलख जगाने मे फूले दंपति का रहा अविस्मरणीय योगदान..

## मरार माली ग्रामीण शाखा केशा मे धूमधाम से मनाई गई ज्योतिबा राव फुले की जयंती..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***महान समाज सुधारक एवं शिक्षा क्रांति के जनक ज्योतिबा राव फूले की 199 वीं जयंती***

जगह जगह बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। किरनापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केशा मे मरार माली समाज स्थाई ग्रामीण शाखा अध्यक्ष दल्लूजी पांचें की अध्यक्षता में प्रातः समय मे सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले एवं राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। तत्पश्चात् ग्राम के बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथि वक्ताओं द्वारा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के संघर्षमय जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फुले जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देते हुए कार्य किए हैं। खासकर महिलाओ को शिक्षित करने के लिए अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हम सभी को फुले दंपति के आदर्शो से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए जिससे समाज का हर वर्ग अपने हक अधिकारों के लिए आगे बढ़ सके। और समाज में सभी को बराबरी मिल सके। इस अवसर पर नन्हें नन्हे बच्चों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के जीवन चरित्र पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसे उपस्थित जनसमुदाय द्वारा खूब सराहा गया। वही आयोजित सहभोज कार्यक्रम के दौरान खीर पुड़ी का वितरण किया गया। तथा ग्रामीणजनो के मनोरंजन हेतु शानदार शायरी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मरार माली समाज स्थाई ग्रामीण शाखा अध्यक्ष दल्लूजी पांचें, उपाध्यक्ष भागचंद मानेश्वर, ग्राम अध्यक्ष धनीराम पांचे, सचिव सनतलाल पांचे, उपाध्यक्ष रामसाय मानेश्वर, कलीराम मानेश्वर, पुष्पा पांचे, कोषाध्यक्ष धनराज नागेश्वर, सहसचिव सोनेलाल पांचे, अरविन्द खरे, नीता पांचे, कार्यकारिणी सदस्य देवाराम खरे, सुरेन्द्र मानेश्वर, अशोक मानेश्वर, रामाजी मानेश्वर, धनीराम मानेश्वर, वीरेन्द्र पांचें, जगलाल पांचे, रीना खरे, मीना मानेश्वर, शशि पांचें, सीमा खरे, रतनीन पांचें एवं वालेंटियर किरपाल चौधरी सहित समस्त ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

# किरनापुर में टीईटी परीक्षा की विसंगतियों को लेकर शिक्षकों का हल्लाबोल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***11 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा किरनापुर द्वारा मध्य प्रदेश के आह्वान पर विकासखंड किरनापुर***

में अपनी न्यायोचित मांगो के समर्थन में जनपद पंचायत किरनापुर के सामने अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच धरना प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। विकासखंड किरनापुर के संकुल केंद्रों और स्थानीय विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों और शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) से जुड़ी समस्याओं को लेकर आज मोर्चा खोल दिया। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अंत में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।





## आंदोलन के मुख्य कारण और मांगें..

शिक्षकों का कहना है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लोक शिक्षण संचनालय ने राज्य के शिक्षकों की परीक्षा कराने के संबंध में संगठन उक्त आदेश को सरकार और शासन से निरस्त करने की मांग की है।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और पात्रता परीक्षा की शर्तों में कई ऐसी विसंगतियां हैं, जिससे अनुभवी शिक्षकों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। आंदोलनकारियों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया। (TET) पात्रता परीक्षा के कड़े नियमों से छूट दी जाए

# सांदीपनी विद्यालय में असामाजिक तत्वों ने की तोड़ फोड़, विद्यालय की भारी सामग्री का किया नुकसान






जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम बोलेगांव में संचालित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विभाग***

कैंपस-2 में 08 अप्रैल के रात्रि में अज्ञात असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय के कमरों में घुसकर तोड़ फोड़ कि गई है जिसमें बच्चो के अध्ययन उपयोगी सामग्री जैसे स्मार्ट टीवी आदि कि भी तोड़ फोड़ कर नष्ट किया गया है। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने स्कूल की कक्षा 8वीं में घुसकर सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान पहुंचाया। 9 अप्रैल 2026 की प्रातः 10 बजे जब शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफस्कूल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कक्षा में लगे स्मार्ट टीवी/स्मार्ट बोर्ड को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। साथ ही कक्षा की एक खिडक़ी का पल्ला भी गायब था।

प्राचार्य की शिकायत के अनुसार, बदमाशों ने खिडक़ी तोडक़र अंदर प्रवेश किया और नशे की हालत में शराब की खाली बोतलें तथा पत्थर फेंक-फेंककर स्मार्ट बोर्ड को जानबूझकर तोड़ दिया। घटनास्थल पर शराब की कई खाली बोतलें और पत्थर बिखरे पड़े मिले, जिससे साफ संकेत मिलता है कि यह नशेडिय़ों द्वारा किया गया कारनामा है।

इस घटना से स्कूल की सरकारी संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। प्राचार्य बी आर गुरदे ने थाना लाजी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मांग की है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।







# वैष्णवी की प्रेरणादायक जीत और युगल में जीत से भारत ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अंकिता रैना की शनिवार को यहां डेयोन बैक से मिली हार के बाद भारत की बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें खत्म हो गई थी लेकिन वैष्णवी अडकर ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली सोह्युन पार्क पर शानदार जीत हासिल की जिससे मेजबान टीम ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से शिकस्त दी।***



दिन की शुरुआत में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर था। शीर्ष दो में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को कोरिया के खिलाफ 3-0 से जीत जरूरी थी। कप्तान विशाल उप्पल ने पहले एकल मैच में अपनी सबसे अनुभवी खिलाड़ी अंकिता को उतारा, लेकिन डेयोन ने यह मुकाबला जीत कर भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। विश्व में 581वीं रैंकिंग की खिलाड़ी 33 वर्षीय अंकिता ने 343वीं रैंकिंग वाली कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी से गंवा दिया लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की।

आखिर में हालांकि उन्हें एक घंटे 55 मिनट तक चले मैच में 1-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। अंकिता ने इस टूर्नामेंट में इससे पहले कोई एकल मैच नहीं खेला था। वह केवल युगल में ही प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। भारत की नंबर एक खिलाड़ी वैष्णवी ने मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। उन्होंने पार्क को 7-6(2) 7-6(5) से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पार्क की रैंकिंग 276 है जो वैष्णवी से 107 स्थान ऊपर हैं। हाल में बेंगलुरु में हुए डब्ल्यू100 टूर्नामेंट में वैष्णवी का प्रदर्शन बहुत प्रभावशाली रहा था जिसमें उन्होंने शीर्ष-130 में शामिल दो खिलाड़ियों को हराया था और उसके बाद कालाबुरागी में हुए डब्ल्यू35 टूर्नामेंट का खिताब भी जीता था।

उन्होंने उसी आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में भी हिस्सा लिया। अंकिता और ऋतुजा भोसले ने मुकाबले का फैसला करने वाले युगल मैच में डेयोन बैक और यूनहे ली को 6-2, 6-2 से हराकर भारत के अभियान का समापन किया। भारत तीसरे स्थान पर रहा और कोरिया (चौथे स्थान) के साथ एशिया ओसनिया ग्रुप एक में बना रहा। थाईलैंड और इंडोनेशिया क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहकर विश्व ग्रुप प्ले-ऑफके लिए क्वालीफाई कर गए।

न्यूजीलैंड और मंगोलिया ग्रुप दो में रेलीगेट हो गए। मुकाबले के पहले ही दिन थाईलैंड के हाथों भारत की अप्रत्याशित हार ने उसके क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका दिया। वैष्णवी और पार्क के बीच दो घंटे 17 मिनट तक चले इस मुकाबले में अक्सर 'सर्व ब्रेक' देखने को मिले और दोनों खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन रैलियां हुईं। दोनों ही खिलाड़ियों ने आक्रामक शॉट खेले, जिसके चलते उनसे कुछ 'अनफोर्स्ड एरर' भी हुईं, लेकिन मुकाबले की तीव्रता ने इसे अंत तक रोमांचक बनाए रखा।

अंकिता को मैच में कई मौके मिले लेकिन वह इनका फायदा नहीं उठा पाई। उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर अंक गंवाए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले सेट के शुरुआती गेम में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट हासिल किए, लेकिन दोनों को भुनाने में नाकाम रहीं। अगले गेम में उन्हें ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा जब उनके ड्रॉप शॉट को डेयोन ने जोरदार तरीके से भुनाया, लेकिन उन्होंने एक लंबी रैली के बाद इसे बचा लिया और अंत में ओवरहेड वॉली से विजयी शॉट लगाया। हालांकि छह ड्यूस प्वाइंट के बाद फोरहैंड शॉट नेट में जाने के बाद अंकिता ने एक और ब्रेक का मौका दिया और इस बार कोरियाई खिलाड़ी ने इसका फायदा उठाते हुए एक और कमजोर ड्रॉप शॉट पर फोरहैंड विनर लगा दिया। लगभग 30 मिनट बाद कोरियाई खिलाड़ी ने 3-0 की शानदार बढ़त बना ली। जल्द ही स्कोर 4-0 हो गया जब अंकिता ने एक डीप रिटर्न पर फोरहैंड शॉट नेट पर मार दिया।

अंकित ने अगले गेम में कोरिया खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर दर्शकों में कुछ उत्साह भरा लेकिन इसके बाद सातवें गेम में उन्होंने फिर से अपनी सर्विस गंवा दी और पहला सेट हार गईं। अंकिता ने दूसरे सेट में अपनी 'अनफोर्स्ड एरर्स' में काफी कमी की और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए आठवें गेम तक डेयोन के साथ बराबरी पर बनी रहीं। आत्मविश्वास से भरी अंकिता ने सातवें गेम में एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाने के बाद दर्शकों से और जोर से तालियां बजाने का आग्रह किया। इसके बाद आठवें गेम में डेयोन की लगातार कई गलतियों के कारण अंकिता को बढ़त बनाने का मौका मिला। अंकिता ने पहला ब्रेक प्वाइंट गंवा दिया, लेकिन फिर दूसरा ब्रेक प्वाइंट हासिल किया, जिसे उन्होंने कोरियाई खिलाड़ी के लंबे शॉट के बाद भुना लिया। अंकिता इस ब्रेक का फायदा नहीं उठा सकीं और तुरंत अपनी सर्विस गंवा बैठीं। आखिरी झटका तब लगा जब 30-15 के स्कोर पर वह हाफ-वॉली नहीं खेल पाईं। उसके बाद उनके लगातार दो रिटर्न भी बाहर चले गए। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने कोई गलती नहीं की और मैच अपने नाम कर दिया।

# 'बच्चे को खोना सौ मौतों के बराबर', 4 महीने के बेटे की मौत से टूट गई थी मशहूर एक्ट्रेस, 21 साल बड़े नेता से की है शादी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'इश्क का रंग सफेद' फेम स्नेहल राय अब टीवी और एक्टिंग से दूर हो चुकी हैं, लेकिन एक समय पर वह टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम थीं। स्नेहल अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहीं।***

खासतौर पर अपनी शादी को लेकर। एक्ट्रेस ने जब अपनी शादी का ऐलान किया और लोगों को अपने हमसफर से मिलाया तो हर कोई हैरान रह गया। देखते ही देखते स्नेहल ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं, जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए थे।

## 21 साल बड़े नेता से की शादी..

स्नेहल ने 2023 में एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद से 21 साल बड़े पॉलिटीशियन माधवेंद्र राय से शादी की थी। जब उन्होंने शादी की उनकी उम्र 23 साल थी और उनके पति 44 साल के थे। कई लोगों ने उन्हें शादी को लेकर ट्रोल किया और उन्हें गोल्ड डिगर तक कह दिया। उन्होंने कहा शादी को लेकर ट्रोलिंग पर कहा 'जो भी लोग मुझे गोल्ड डिगर कह रहे हैं, मैं बस एक ही बात कहना चाहूंगी, हां मैं गोल्ड डिगर हूं, क्योंकि मेरे पति का दिल 24 कैरेट का गोल्ड हैं।'



## बेटे की मौत से टूट गई थीं स्नेहल..

इसी के साथ स्नेहल ने अपनी जिंदगी में घटी उस दुखद घटना का भी जिक्र किया जिसने उन्हें पूरी तरह तोड़कर रख दिया था। दरअसल, शादी के कुछ महीने बाद ही स्नेहल प्रेग्नेंट हो गई थीं। उनके बेटे का जन्म हुआ, लेकिन 4 महीने बाद ही उनके बच्चे की मौत हो गई, जिससे वह बुरी तरह टूट गई थीं। स्नेहल ने बेटे की मौत के गम के बारे में बात करते हुए कहा था कि उनके लिए अपने बच्चे को खोना, सौ मौतों के बराबर है। स्नेहल के बेटे का नाम रुद्र था, जिसकी जन्म के चार महीने बाद ही बीमारी के चलते मौत हो गई। बेटे को खोने का दर्द बयां करते हुए स्नेहल ने कहा था- 'अपने बच्चे को खोना सौ मौतों जैसा है। मैंने खुद को एक हफ्ते के लिए कमरे में बंद कर लिया था और मैं बस वॉशरूम जाती और फिर आकर बिस्तर में बैठ जाती थी।'

## बिखर गई थी स्नेहल की जिंदगी..

स्नेहल ने कहा था- 'बच्चे की मौत के बाद मेरे लिए जैसे जिंदगी खत्म हो गई थी। मेरा वजन घटकर 40 किलो रह गया था, शरीर कंकाल जैसा हो गया था। ऐसा लगने लगा था जैसे मेकअप लगाना पाप है।

उस मुश्किल समय से निकालने के लिए मेरी दोस्त मुझे तैयार होने को कहती और फिर मरीन ड्राइव लेकर जाती। मुझे रोने और अपना दुख जाहिर करने के लिए कहती। वो एक बार मुझे अनाथालय भी लेकर गई, जिसने मुझे दोबारा जिंदगी जीने की वजह दी।'

# क्या फिर पर्दे पर दिखेगी शाहिद और करीना कपूर की जोड़ी? इम्तियाज अली ने जब वी मेट 2 की बताई सच्चाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शाहिद और करीना कपूर की फिल्म जब वी मेट आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। आदित्य और गीत की ये लवस्टोरी फैन्स की फेवरिट है। साल 2007 में रिलीज हुई ये फिल्म सुपरहिट रही थी।***



अब करीब 19 साल बाद भी लोग इसके सीक्वल की मांग अक्सर करते रहते हैं। हाल ही में फिल्म के डायरेक्टर इम्तियाज अली ने जब वी मेट के सीक्वल को लेकर अपना फैसला साफ कर दिया है। द राइट एंगल पर हुई बातचीत के दौरान, फिल्म निर्माता ने खुलासा किया कि उनके पास जब वी मेट 2 या यहां तक कि तमाशा 2 बनाने की कोई योजना नहीं है। तमाशा के निर्देशक ने कहा कि लव आज कल 2 भी सफल नहीं हुई, और कुछ चीजें वैसी ही छोड़ देना बेहतर होता है। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे इसके बारे में अक्सर सुनने को मिलता है। जो लोग मुझसे इसके बारे में पूछते हैं, मैं उनसे कहता हूं, 'लव आज कल 2 भी तो बनाई थी ना, वो तो इतनी अच्छी नहीं गई।'

## खुद बताई अपनी प्लानिंग..

निर्देशक ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि अगर कोई चीज मुझे एक निर्माता के रूप में इतनी मजबूती से प्रेरित करती है, तो मैं उसे जरूर बनाऊंगा। लेकिन मुझे नहीं लगता, खासकर जब वी मेट के लिए, मैं ऐसा करूंगा। कुछ चीजें वैसी ही छोड़ देना बेहतर होता है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे फिल्म निर्माण को सोच-समझकर नहीं करते। अपनी कार्यशैली के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं 'यह पैसा कमाने की योजना है, एक पेशेवर कदम है' के नज़रिए से शुरुआत नहीं करना चाहता। इस तरह से अच्छी फिल्में नहीं बन सकतीं। उन्हें इस सोच से आना चाहिए, 'वाह, यह एक अच्छी कहानी है। मैं इस दुनिया में रहना चाहता हूं।'

## 12 जून को रिलीज हो रही फिल्म..

इम्तियाज़ अली की अगली फिल्म, 'मैं वापस आऊंगा', 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ मुख्य भूमिकाओं में हैं। भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म प्रेम और तड़प की एक भावुक कहानी प्रस्तुत करती है। यह निर्देशक उन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं जो कल्ट क्लासिक्स बन चुकी हैं, जिनमें जब वी मेट (2007), रॉकस्टार (2011), हाईवे (2014), तमाशा (2015) और हाल ही में आई जीवनीपरक ड्रामा फिल्म अमर सिंह चमकीला (2024) शामिल हैं।

# अय्यर का धमाल

## पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर की 33 गेंद में 69 रन की नाबाद पारी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।***

सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (57 रन) और प्रभसिमरन सिंह (51 रन) की पारियों के बाद 'प्लेयर ऑफद मैच' अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को दबाव में नहीं आने दिया। उनकी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े थे। इससे टीम ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 223 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (74 रन) के अर्धशतक और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 219 रन का स्कोर खड़ा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के कलाई स्पिनर शिवांग कुमार ने पंजाब किंग्स के शुरूआती तीनों विकेट अपनी झोली में डाले लेकिन पंजाब किंग्स को जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी हार है। प्रियांश (पांच चौके, पांच छक्क) और प्रभसिमरन (चार चौके, चार छक्के) ने मिलकर पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में प्रियांश की पारी खत्म हुई। प्रियांश ने शिवांग की पहली ही गेंद पर डीप मिड विकेट के ऊपर से स्वीप शॉट लगाते हुए छक्का जड़ा, लेकिन जब उन्होंने लगातार दूसरी गेंद पर भी ऐसा ही करने की कोशिश की, तो गेंद सीधे क्षेत्ररक्षक के हाथों में समां गई।

इस तरह दोनों के बीच 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 99 रन की भागीदारी का अंत भी हुआ। प्रभसिमरन ने फ्रि नौवें ओवर में शिवांग की गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अगली ही गेंद पर शिवांग की गुगली पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। ऑफस्टंप के बाहर फुल लेंथ गेंद को प्रभसिमरन ने आगे बढ़कर हवा में खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और लांग ऑफपर क्लासेन ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए एक बेहतरीन कैच लपक लिया। शिवांग (33 रन देकर तीन विकेट) के दो झटकों से सनराइजर्स हैदराबाद को वापसी की उम्मीद जगी। फिर इसी गेंदबाज ने 11वें ओवर में कूपर कोनोली (11 रन) की पारी का अंत किया। कोनोली ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका लगाया लेकिन अगली ही गेंद को मिसटाइम करके आउट हो गए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 128 रन था।




इसके बाद कप्तान अय्यर ने कमाल की पारी खेली, उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 24 गेंद में अर्धशतक जड़ा और यही दबदबा जारी रखा। 15 ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 179 रन था और उसे जीत के लिए 30 गेंद में 41 रन बनाने थे। अय्यर ने 16वें ओवर में ईशान मलिंगा पर डीप कवर पर एक चौका तथा काउ कॉर्नर और डीप मिडविकेट पर दो छक्के जड़ दिए। जिससे टीम को 24 गेंद में महज 23 रन की जरूरत थी। अय्यर ने सात गेंद रहते टीम की जीत सुनिश्चित की। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक की पांच चौके और आठ छक्के जड़ित 28 गेंद की पारी भी काम नहीं आ सकी। अभिषेक और हेड (23 गेंद में 38 रन) ने पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए पहले विकेट के लिए 50 गेंद में 120 रन की साझेदारी निभाई।

पंजाब किंग्स के गेंदबाज विजयकुमार विशाक काफी खर्चीले रहे जिनके पहले ही ओवर में अभिषेक ने चार छक्के जड़ दिए। अभिषेक ने इसी ओवर में 18 गेंद में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। पर घरेलू टीम ने शशांक सिंह (तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट) की बदौलत वापसी की जिन्होंने एक ही ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इससे नौवें ओवर की शुरुआत में बिना विकेट गंवाए 120 रन पर पहुंचने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 220 रन के अंदर ही सिमट गई। जेवियर बार्टलेट (चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट) ने अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए महज पांच रन दिए।

अभिषेक (आठ छक्के, पांच चौके) ने पारी की तेज शुरुआत की, उन्होंने अर्शदीप सिंह पर कवर के ऊपर से शॉट लगाकर चौका जड़ा।

अभिषेक ने बार्टलेट के खिलाफ दो चौके लगाए और फिर अर्शदीप के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। मार्को यानसेन की भी जमकर धुनाई हुई। इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ के पहले ही ओवर में 16 रन बने जिससे सनराइजर्स हैदराबाद चार ओवर में बिना किसी नुकसान के 60 रन तक पहुंच गई। अभिषेक ने फिर चार छक्कों से वैशाक के पहले ही ओवर में 24 रन जुटा लिए जिससे पांच ओवर में स्कोर बिना विकेट गंवाए 84 रन था जो इस मैदान पर पावरप्ले का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

इसके बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों ने अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी। हेड ने लगातार तीन चौके जड़े और अभिषेक ने डीप मिडविकेट के ऊपर से एक छक्का लगाकर पावरप्ले के अंदर ही टीम का स्कोर 100 तक पहुंचा दिया। कप्तान अय्यर ने खेल की गति धीमी करने के लिए शशांक और स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंद सौंपी। शशांक ने अपने पहले ओवर में महज छह रन दिए। चहल ने अपनी पहली पांच गेंद में सिर्फ तीन रन दिए जिसके बाद अभिषेक ने इस लेग स्पिनर पर एक जोरदार छक्का जड़ दिया।

शशांक को गेंदबाजी पर लगाए रखने का पंजाब किंग्स को फायदा मिला। उन्होंने एक साधारण सी गेंद पर हेड के रूप में टीम को पहली और अहम सफलता दिलाई जो सीधे लांग ऑफ में खड़े क्षेत्ररक्षक को कैच दे बैठे। शशांक ने फिर अभिषेक को फुल लेंथ गेंद फेंकी और यह बल्लेबाज अर्शदीप के हाथों लपका गया। अय्यर ने अपनी सूझबूझ भरी कप्तानी का परिचय देते हुए चहल को एक और ओवर दिया। मैच की स्थिति को देखते हुए चहल ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और इस ओवर में सिर्फ नौ रन दिए। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन (17 गेंद में 27 रन) अर्शदीप की गेंद पर आउट हो गए जबकि हेनरिक क्लासेन (33 गेंद में 39 रन) अंतिम ओवर में आउट हुए।

# अक्षय कुमार की एक झलक के लिए उमड़ी भीड़, बेकाबू हुए फैंस, बोले- 36 साल में इतने लोग नहीं देखे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस फिल्म के लिए टीम ने पुराने जमाने का तरीका अपनाया है, जिसमें वे अलग-अलग शहरों का दौरा कर रहे हैं।***

ऐसे में सुपरस्टार दिल्ली-**NCR** भी आए थे। अक्षय और फिल्म की बाकी कास्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मॉल पहुंची, जहां इतनी भारी भीड़ देखकर एक्टर हैरान रह गए। मॉल में उमड़ी इस भारी भीड़ के वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें साफदेखा जा सकता है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को देखकर अक्षय कितने हैरान थे।

## अक्षय कुमार को देखने के लिए जुटे लाखों लोग..

अक्षय कुमार, वामिका गब्बी और राजपाल यादव शुक्रवार को 'भूत बंगला' के चल रहे प्रमोशन के सिलसिले में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी मॉल पहुंचे। इस इवेंट के वीडियो में हज़ारों लोग मॉल में ठसाठस भरे हुए दिखाई दे रहे हैं; कई लोग तो एस्केलेटर की रेलिंग पर खतरनाक तरीके से खड़े थे, और कुछ लोग मॉल की ऊपरी मंज़िलों पर गलियारों की रेलिंग के बेहद करीब खतरनाक ढंग से लटके हुए थे। ग्राउंड फ्लोर पर, इन सितारों ने एक अस्थायी तौर पर बनाए गए मंच से भीड़ के साथ बातचीत की।




## 36 साल में पहली बार अक्षय ने देखी इतनी भीड़..

वायरल वीडियो में अक्षय को भीड़ से बात करते हुए देखा जा सकता है। वह कहते हैं, 'मुझे करीबन 36 साल हो गए हैं इस इंडस्ट्री के अंदर, लेकिन एक मॉल के अंदर मैंने कभी इतने सारे लोग नहीं देखे।' फिर कैमरा दूसरी तरफघूम गया, जिसमें एट्रियम में और हर फ्लोर पर हजारों लोग अक्षय के लिए चीयर करते हुए दिखाई दे रहे थे।

## एक्टर को देख बेकाबू हुए फैंस..

जहां एक तरफ अक्षय और फिल्म की टीम की इस बात के लिए तारीफ हुई कि उन्होंने इतनी बड़ी भीड़ के साथ कैसे बातचीत की और उन्हें एंटरटेन भी किया, वहीं कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इतनी बड़ी भीड़ जुटने और भीड़ के मॉल के साथ किए गए बर्ताव की आलोचना की। वीडियो में देखा गया कि इवेंट खत्म होने के बाद, लोग जाते समय स्टैंडीज और दूसरी चीजों को नुकसान पहुंचा रहे थे। एक कमेंट में लिखा था, 'अक्षय कुमार एक अच्छे एक्टर हैं, लेकिन प्लीज उनके लिए अपनी जान खतरे में मत डालिए।'

## अक्षय कुमार की नई हॉरर-कॉमेडी..

'भूत बंगला' अक्षय और निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इसमें तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी, असरानी और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# दिल्ली में 'डिलीवरी व राइड एग्रीगेटर' बेड़े में पेट्रोल-डीजल वाहनों के शामिल होने पर लगेगी रोक: नीति



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी में ऐप आधारित सामान तथा भोजन आपूर्ति एवं यात्रा की सुविधा मुहैया कराने वाली कंपनियों (एग्रीगेटर) के इस वर्ष से अपने बेड़े में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन शामिल करने पर रोक लगेगी जबकि***

2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा को ही नए पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी। यह मंशा दिल्ली सरकार द्वारा जारी ईवी नीति के मसौदे में व्यक्त की गई है। दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026-2030 के मसौदे में प्रस्ताव किया गया, ''इस वर्ष एक जनवरी से एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित दोपहिया वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के मौजूदा बेड़े में पूरी तरह से पेट्रोल या डीजल पर चलने वाले किसी भी पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को शामिल नहीं किया जाएगा।''

, एग्रीगेटर को बेड़े में बीएस-6 उत्सर्जन मानक वाले दोपहिया वाहनों को शामिल करने की अनुमति 31 दिसंबर, 2026 तक होगी, जिसके बाद उन्हें अपने बेड़े को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना अनिवार्य होगा। इस नीति में ऑटो-रिक्शा सहित यात्री इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रस्ताव किया गया है।

इसमें कहा गया कि नई नीति की अधिसूचना की तारीख से पहले वर्ष में 50,000 रुपये, दूसरे वर्ष में 40,000 रुपये और तीसरे वर्ष में 30,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा दिया जा सके।

यह प्रोत्साहन राशि पुराने सीएनजी ऑटो-रिक्शा को बदलने के साथ-साथ दिल्ली में पंजीकृत नए ऑटो-रिक्शा पर भी लागू होगी। प्रस्तावित नीति के अनुसार अधिकृत कबाड़ सुविधा केंद्र से वाहन को कबाड़ कराने का प्रमाण पत्र जारी होने के छह महीने के भीतर निजी उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी। ये प्रावधान उन वाहन श्रेणियों पर केंद्रित हैं जिनका उपयोग अधिक होता है, जैसे दोपहिया, तिपहिया और मालवाहक वाहन, जो रोजाना व्यापक संचालन के कारण प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

मसौदा नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 'दिल्ली मोटर वाहन एग्रीगेटर एवं डिलीवरी सेवा प्रदाता योजना (2023)' के अन्य प्रावधान यथावत लागू रहेंगे। एग्रीगेटर बेड़े और ऑटो-रिक्शा पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस नीति का उद्देश्य अधिक उपयोग वाले वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना और राजधानी में प्रदूषण के स्तर को कम करना है।

# केवल पूंजी या नीति से भारत 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता: सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिये से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी।***

उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही।

सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है।

बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यक्रम 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में 'भारत के 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए कानूनी सुधार का मसौदा' विषय पर बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि यह विषय केवल एक आकांक्षा नहीं, बल्कि एक गंभीर विचार है।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, ''मुझे भरोसा है कि हम निश्चित रूप से इस अवसर पर खरे उतरेंगे। 10,000 अरब डॉलर का पड़ाव केवल पूंजी या नीति से नहीं बनेगा। यह काफी हद तक उस कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता से बनेगा जो कानून के शासन और उन वादों की रक्षा करती है जिन पर यह सब टिका है।''

उन्होंने कहा कि जो पीढ़ी 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए भारत के वाणिज्यिक न्यायशास्त्र को आकार देगी, उसे उसी तरह याद किया जाएगा जैसे संविधान को आकार देने वाली पीढ़ी को याद किया जाता है।



सीजेआई ने कहा कि निवेशकों को यह जानने की जरूरत है कि क्या निवेश को नियंत्रित करने वाली कानूनी प्रणाली ईमानदार, सुसंगत और पूर्वानुमानित बनी रहेगी।

# मांग बढ़ने से सरसों तेल - तिलहन और डीओसी मांग से सोयाबीन तिलहन में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को मांग बढ़ने के करण सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार रहा जबकि कम उपलब्धता के कारण सोयाबीन तिलहन भी सुधार के साथ बंद हुए।***



कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में स्थिर बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी आयातित तेलों से 18-20 रुपये किलो सस्ता होने के कारण सरसों तेल की अच्छी मांग है। कमजोर वर्ग के उपभोक्ता भी सरसों तेल खरीद रहे हैं। इस वजह से सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। कम उपलब्धता के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम भी मजबूत बंद हुए।

शनिवार को अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कामकाज बंद रहता है। ऐसे में बेहद सुस्त कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम अरिवर्तित रहे।

खाद्यतेलों के आगे की दिशा का पता सोमवार को बाजार खुलने के बाद पता चलेगा।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 6,900-6,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,050-7,525 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,685-2,985 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,415-2,515 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,415-2,560 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 13,300 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,350 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,100 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 5,800-5,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,450-5,525 रुपये प्रति क्विंटल।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने प्रमुख क्षेत्रों में निवेश के अवसर तलाशने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया

चंडीगढ़, (भाषा)।

***हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को उद्योगपतियों और निवेशकों से राज्य में खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और अन्य उभरते क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।***

सैनी ने 'टाईकॉन चंडीगढ़ शिखर सम्मेलन 2026' में 12 देशों और 27 राज्यों से आए उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सरल प्रक्रियाओं, डिजिटल प्रशासन और पारदर्शी व्यवस्था के जरिए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, जिससे कारोबार करना आसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और करीब 28,000 इकाइयां पहले से संचालित हैं, जबकि इस क्षेत्र में अभी भी काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

लॉजिस्टिक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए सैनी ने कहा कि हरियाणा देश में तीसरे और उत्तर भारत में पहले स्थान पर है। राज्य का लगभग 57 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आता है, जिससे यह एक महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में निवेश को भी बढ़ावा देने की अपील की और कहा कि इसके लिए प्रगतिशील नीतियां, प्रोत्साहन और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और हिसार जैसे शहर सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि-



प्रौद्योगिकी, वित्तीय प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्रों में स्टार्टअप केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

# न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी से कर्मचारी कल्याण योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं: दुष्यंत चौटाला..

चंडीगढ़, (भाषा)।

***हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को चिंता जताते हुए कहा कि राज्य में न्यूनतम वेतन में हालिया वृद्धि के कारण लाखों कर्मचारी विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के***



दायरे से बाहर हो सकते हैं। चौटाला ने कहा कि कई योजनाओं में पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होना जरूरी है। लेकिन अब न्यूनतम वेतन सभी श्रेणियों में 15,000 रुपये प्रति माह से अधिक हो गया है, जिससे पंजीकृत कर्मचारियों की वार्षिक आय इस सीमा से ऊपर चली गई है और वे लाभ पाने के पात्र नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीपीएल राशन कार्ड, चिरायु हरियाणा के तहत मुफ्त इलाज, दयालु योजना के तहत आर्थिक सहायता, महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के लिए चिराग योजना और विवाह सहायता योजनाएं जैसी कई योजनाओं में पात्रता परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज आय पर आधारित है।

उन्होंने पूर्व के उदाहरण का जिक्र करते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र के आधार पर पेंशन बंद होने जैसी स्थिति पहले भी सामने आ चुकी है और अब कर्मचारियों के साथ भी ऐसा हो सकता है। चौटाला ने राज्य सरकार से मांग की कि इन योजनाओं के लिए वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 2.40 लाख रुपये की जाए और विभिन्न पोर्टल पर पात्रता मानकों को अपडेट किया जाए, ताकि कर्मचारी वर्ग को परेशानी न हो। उन्होंने निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों के कर्मचारियों की मांगों को भी पूरा करने का आग्रह किया।




# आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के उपायों पर उद्योग मंत्री गोयल की सऊदी व्यापार मंत्री से बातचीत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को सऊदी अरब के व्यापार मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ बातचीत कर पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।***



इससे पहले गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत के अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ भी इसी विषय पर विचार-विमर्श किया था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, गोयल और कासबी के बीच यह बातचीत वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई और भारत-खाड़ी सहयोग परिषद मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता में जल्द प्रगति को लेकर आशा जताई। दोनों पक्षों ने माना कि क्षेत्रीय संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ा है और समन्वित प्रयासों के जरिए व्यापार को सुचारु बनाने तथा स्थिति को जल्द सामान्य करने की आवश्यकता है। गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र को निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों की आवाजाही गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस संघर्ष के कारण खाड़ी क्षेत्र में वस्तुओं की आपूर्ति करना निर्यातकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। भारत और इस क्षेत्र के बीच 2024-25 में कुल 178 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें 56.87 अरब डॉलर का निर्यात और 121.67 अरब डॉलर का आयात शामिल है।





जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## मध्यप्रदेश के भिंड में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर कराई पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भिंड (मध्यप्रदेश), 11 अप्रैल (भाषा) मध्यप्रदेश के भिंड में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करवा दी, जिसके बाद शनिवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

अधिकारी बताया कि आरोपी रूबी (23) ने जिले के अटेर थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल को हुई इस घटना को लूट का रंग देने की कहानी गढ़ी लेकिन पुलिस जांच के दौरान उसने सच्चाई बता दी। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रूबी और उसके प्रेमी विशाल विमल (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पति नीलेश जाटव (27) की हत्या में साथ देने वाले एक अन्य आरोपी राजेश कुशवाह की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में मृतक की पत्नी ही हत्या की साजिश की मुख्य आरोपी निकली, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर साजिश को अंजाम दिया।

दरअसल आठ अप्रैल को अटेर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल सवार युवक नीलेश जाटव की उसकी पत्नी व बच्ची के सामने ही अज्ञात लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति व बच्ची के साथ मोटरसाइकिल पर जामना गांव से खरिका लौट रही थी तभी रास्ते में रिदौली-खरिका मार्ग पर उसका बैग गिर गया।

यादव के मुताबिक रूबी ने पुलिस को बताया कि जैसे ही पति ने मोटरसाइकिल रोकी और वह बैग उठाने गई, तभी पीछे से आए दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उसके पति की हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने सूचना पर अटेर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।




यादव ने बताया कि पुलिस की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, एफएसएल टीम की मदद ली और तकनीकी व भौतिक साक्ष्य जुटाए। उन्होंने कहा, 'जांच के दौरान पत्नी के बयान संदिग्ध पाए गए। इसके बाद पुलिस ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हो गया।' अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि मृतक की पत्नी रूबी का रिश्ते में देवर विशाल विमल से लगभग सात साल से प्रेम प्रसंग था और दोनों आपस में व्हाट्सएप कॉलिंग और चैटिंग के जरिए लगातार संपर्क में रहते थे। उन्होंने बताया कि पति उनके रिश्ते में बाधा बन रहा था, इसलिए दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

उन्होंने बताया कि योजना के मुताबिक पति के साथ मोटरसाइकिल पर जाने के दौरान पत्नी ने निर्धारित स्थान पर अपना बैग गिरा दिया और मोटरसाइकिल रुकवाकर बैग उठाने लगी। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान घात लगाकर बैठे प्रेमी और उसके साथी राजेश कुशवाह ने नीलेश जाटव की गोली मारकर हत्या कर दी। यादव ने कहा कि पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी हत्यारे और मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12 बोर का देशी कट्टा, खाली कारतूस, बिना नंबर की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जबकि हत्या में सहयोग करने वाला अन्य आरोपी राजेश कुशवाह अभी फरार है और जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। विगत कुछ दिनों में मध्यप्रदेश में यह दूसरा ऐसा मामला सामने आया है जब पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी। मध्यप्रदेश के धार जिले में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर साजिश रची और 'सुपारी' देकर पति की हत्या करवा दी थी। जिले के गोंदीखेड़ा चारण में हुई इस घटना को भी पत्नी ने पहले तो लूट का रूप देने की कोशिश की लेकिन कड़ी पूछताछ के दौरान उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

## महाराष्ट्र के हिंगोली में भूकंप, कम्युनिटी हॉल में दरारें, 10 किलोमीटर नीचे था केंद्र..


डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.7 मैग्नीट्यूड मापी गई। अधिकारियों ने बताया कि नांदेड़ और परभणी जिलों के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।***

हिंगोली कलेक्टर राहुल गुप्ता ने बताया कि पंगरा शिंदे गांव के कुछ घरों और कम्युनिटी हॉल में दरारें आ गईं। नांदेड़ जिले के अधिकारियों ने नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की एक रीडिंग का हवाला दिया, जिसमें सुबह 8:45 बजे आए भूकंप की मैग्नीट्यूड 4.7 बताई गई थी। उन्होंने बताया कि भूकंप का सेंटर हिंगोली जिले के वासमत तालुका के शिरली गांव में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

### कम्यूनिटी हॉल में दरार..

अधिकारियों ने बताया कि पास के नांदेड़ शहर और ग्रामीण इलाकों, अर्धपुर, हडगांव और हिमायतनगर तालुकाओं और परभणी जिले के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि अभी तक किसी भी प्रभावित जिले से किसी की जान जाने की खबर नहीं है, लेकिन मामूली नुकसान की खबरें हैं।




हिंगोली कलेक्टर गुप्ता ने कहा, 'मुझे हिंगोली जिले के पंगरा शिंदे गांव में घरों और कम्युनिटी हॉल में दरारें दिखने वाली तस्वीरें मिली हैं। हमारी टीमें स्थिति का जायजा लेने और नुकसान की सही मात्रा रिकॉर्ड करने के लिए मौके पर जा रही हैं।'

### नागरिकों से प्रोटोकॉल फॉलो करने की अपील

स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों से शांत रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है। नांदेड़ और परभणी में एहतियात के तौर पर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों को तैयार रखा गया है। अधिकारियों ने टिन की चादर की छतों वाले घरों में रहने वाले लोगों को सलाह दी है कि वे ऊपर रखे भारी पत्थरों को हटा दें

और सुरक्षा उपाय के तौर पर चादरों को बोल्ट से सुरक्षित कर लें। नांदेड़ जिला प्रशासन ने कहा कि अगर आगे कोई और झटका या अजीब आवाज आती है, तो निवासियों को तुरंत खुली जगहों पर जाने और इमरजेंसी हेल्पलाइन पर कॉल करके प्रशासन को सूचित करने की सलाह दी जाती है।

### कॉलेज में महसूस हुए झटके..

नांदेड़ में एक कॉलेज टीचर ने कहा, 'जब मैं अपने कॉलेज के स्टाफरूम में बैठकर अपना काम कर रहा था। मुझे अचानक कंपन महसूस हुआ। जब मैंने एक अलग आवाज सुनी, तो मैं कन्फ्यूज़ हो गया। फिर मुझे एहसास हुआ कि यह हल्का भूकंप था।' वाशिम शहर में सुबह करीब 8 बजकर 45 मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। शहर के कुछ इलाकों में लोगों को हल्का कंपन महसूस हुआ, जिससे कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना सामने नहीं आई है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

## बाल भाऊ देवरस स.शि.म में सीबीएससी पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को कराया जा रहा अवगत..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम कारंजा में संचालित विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय कारंजा विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु सीबीएसई पाठ्यक्रम के पुस्तकों द्वारा पठन पाठन का कार्य कराया जाऐगा। जिससे भैया बहनों के सर्वांगीण विकास विकास में सहायक होगा, उक्त अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष लालाराम नंदनवार,***

व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्यामराव राखड़े, उपाध्याय डॉ देवेश ऐड़े, मंशाराम बिलथरे , प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे सहित समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहनों के उपस्थिति में (एसईआरटी) आधारित सी बी एस ई पाठ्यक्रम के पुस्तकों का श्री गणेश किया गया। उक्त अवसर पर उपाध्याय डॉ. देवेश ऐड़े द्वारा भैया बहनों को अवगत कराया कि यह पाठ्यक्रम देश के किसी भी कोने में रहने वाले प्रतिभागी को प्रतियोगी परीक्षाओं में इस पाठ्यक्रम का लाभ मिलता रहेगा। श्यामराव राखड़े कोषाध्यक्ष ने कहा कि यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत गतिविधि आधारित आनंददायी एवं खेल खेल में शिक्षण पर आधारित सहायक शिक्षण सामाग्री के माध्यम से पढ़ाने पर जोर दिया गया है जिससे छात्र छात्राओं में रटने की अपेक्षा समझने में सहायक सिद्ध होगा। अंत में प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर सीबीएसई पाठ्यक्रम के विषय में छात्र छात्राओं आवश्यक एवं उपयोगी जानकारी से अवगत कराया गया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं ने पक्षियों के लिए लगाए सकोरे...

### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम..

जगप्रेरणा लांजी।

***वर्तमान में बढ़ती गर्मी और जल संकट के बीच पक्षियों के संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड लांजी के समाज कार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं के द्वारा सेक्टर 01 लांजी में अपने प्रयोगशाला ग्रामों***





एवं वार्ड में पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अनेकों स्थानों पर सकोरे (जल पात्र) लगाने का सराहनीय कार्य निरन्तर संचालित है। छात्र छात्राओं के इस पुनीत कार्य से अनेकों युवाओं को प्रेरणा देने का भी कार्य किया जा रहा है उक्त कार्य उन्होंने विकासखण्ड समन्वयक संतोष नगपुरे एवं परामर्शदाता संदीप रामटेककर के मार्गदर्शन में संपन्न किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों, पेड़ों एवं घरों के आसपास पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। इसी क्रम में छात्रा वैशाली बनवारी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनका संरक्षण बेहद आवश्यक है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण जल के अभाव में कई पक्षियों की मृत्यु हो जाती है, जिसे रोकने के लिए यह एक छोटा लेकिन प्रभावी प्रयास है।



छात्र छात्राओं ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने घर की छत या पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करे, ताकि इस भीषण गर्मी में परिंदों को राहत मिल सके।

यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है

## सामाजिक समरस्ता और न्याय के क्षेत्र में फुलेजी को नहीं भुलाया जा सकता- विधायक करहि..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम घोटी नन्दोरा में 11 अप्रैल 2026 को क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांववासियों ने महान समाजसुधारक महात्मा फुले के जीवन, विचारों और योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।***





कार्यक्रम में लांजी-किरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार करहि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि फुले जी ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो क्रांतिकारी कार्य किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं।

विधायक जी ने स्थानीय लोगों से फुले जी के विचारों को अपनाकर समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, घोटी के सरपंच श्रीचंद कामड़े, भारतीय जनता पार्टी मण्डल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर सहित सेवकराम जी आसटकर, तिलकचंद कौशल, रवि चौधरी, मृत्युंजय पांचे, पीतमलाल सोनवाने, लखाराम वाघाडे, टी सी पांचे, उदेलाल वाघाडे, अशोक मानकर, सूरज दीन गुप्ता, दिनेश रंधाये, दुर्गेश रंधाये, प्यारेलाल दादरे, परमेश्वर नागफांसे सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और महात्मा फुले जी की जयंती को यादगार बनाने में अपना योगदान दिया।

इस आयोजन के दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले जी के सामाजिक सुधार, दलित-शोषित वर्गों के उत्थान, लड़कियों की शिक्षा और जाति-व्यवस्था के खिलाफ उनके संघर्ष की चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने फुले जी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने और समाज को शिक्षित, जागरूक तथा समानता पर आधारित बनाने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दो ट्रकों के बीच टक्कर, दो व्यक्तियों की मौत...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में शनिवार को दो ट्रकों के बीच टक्कर होने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि रेणुकूट की तरफ़ से राबर्ट्सगंज जा रहा राख से लदा ट्रक जब हथवानी गांव के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से दूध के पैकेट लेकर आ रहे दूसरे ट्रक से उसकी भीषण टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ट्रकों में आग लग गई तथा उनके केबिन का हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही कई थानों के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गए। एसपी ने कहा कि दमकल कर्मियों ने ट्रकों में लगी आग पर कड़ी मशक्क़त के बाद काबू पाया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल अवस्था में हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बताया कि मृतकों और घायल की पहचान नहीं हो सकी है और शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रुपये चोरी करने के बाद मंदिर के कार्यालय में सोता मिला चोर, गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मंदिर के कार्यालय में घुसकर कथित तौर पर 8,500 रुपये की नकदी चुराने के बाद व्यक्ति थकान की वजह से वहीं सो गया व उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



यह घटना अंबूरी के कुडप्पनमूडू स्थित कुजुवलवट्टम श्री भगवती मंदिर में हुई। पुलिस ने बताया कि जब मंदिर समिति के सदस्य हमेशा की तरह सुबह करीब 5:30 बजे कार्यालय पहुंचे तो दरवाजे टूटे हुए देखकर चौंक गए। अंदर एक व्यक्ति सोता हुआ देखकर उन्हें हैरानी भी हुई। इसके बाद उन्होंने पाया कि दफ्तर से 8,500 रुपये चुराए गए थे। मंदिर के कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया।

वेल्लाराडा पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तारी कर लिया। आरोपी की पहचान तमिलनाडु निवासी सेंथिल (40) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, उसने शुक्रवार रात को मंदिर के कार्यालय के दरवाजे तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पैसे चुराने के बाद उसे थकान महसूस हुई और वह वहीं सो गया। पुलिस ने यह भी बताया कि वह कथित तौर पर चोरी के कई मामलों में शामिल था। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

सुरेश गावते देवरी

मो. 9420886573


## गोंदिया की स्वर्णकन्या, 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अल्का मरसकोल्हे ने जीता कांस्य पदक..

### बिजेपार शासकीय आश्रमशाला का परचम देशभर में लहराया, आदिवासी छात्रा का रिले दौड़ में ऐतिहासिक प्रदर्शन..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***जिद्द, दृढ़ संकल्प और उचित मार्गदर्शन के बल पर विपरीत परिस्थितियों पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है, यह देवरी तहसील की एक आदिवासी बेटी ने सिद्ध कर दिखाया है।***

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, देवरी के अंतर्गत आने वाली 'शासकीय आश्रमशाला बिजेपार' की छात्रा कु. अल्का रामदास मरसकोल्हे ने पहली 'खेलो इंडिया' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 4म400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीतकर गोंदिया जिले सहित महाराष्ट्र का नाम रोशन किया है।

### कड़े संघर्ष से सफलता के शिखर तक..

अल्का का यह सफर आसान नहीं था। इस प्रतियोगिता के कठिन क्वालिफाइंग राउंड पालघर और झारखंड के रांची में आयोजित किए गए थे। इन दोनों स्थानों पर अपनी तेज दौड़ से सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए अल्का ने मुख्य प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। छत्तीसगढ़ में आयोजित रोमांचक फाइनल मुकाबले में उसने अपनी चपलता से राज्य को 'कांस्य पदक' दिलाया। उसकी इस राष्ट्रीय स्तर की सफलता से पूरे आदिवासी समाज में खुशी का माहौल है।



### एक आश्रमशाला एक खेल' उपक्रम रहा फलदायी

अल्का की इस सफलता के पीछे सरकार का 'एक आश्रमशाला एक खेल' उपक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। बिजेपार आश्रमशाला में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों से मिला विशेष प्रशिक्षण, उचित एवं संतुलित आहार और आधुनिक खेल सामग्री की उपलब्धता के कारण ही अल्का अपनी प्रतिभा साबित कर पाई।

### बोले परियोजना अधिकारी उमेश काशिद..

'अल्का की यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि पूरे आदिवासी समाज और राज्य के लिए गर्व की बात है। हम आश्रमशाला के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### सफलता का श्रेय और सम्मान..

अल्का ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने 'माता-पिता' और खेल प्रशिक्षक 'महेंद्र कचलाम' को दिया है। इस सफलता के लिए परियोजना अधिकारी उमेश काशिद के मार्गदर्शन में खेल समन्वयक तुलसीदास बघाडे और प्रधानाध्यापक अशोक इस्कापे द्वारा किया गया नियोजन और परिश्रम बहुमूल्य रहा। अल्का के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से वर्तमान में बिजेपार आश्रमशाला, गोंदिया जिला और आदिवासी विकास विभाग में उत्सव का माहौल है। शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और खेल प्रेमियों द्वारा उस पर प्रशंसा की बौछार की जा रही है, और यह आशा व्यक्त की जा रही है कि वह भविष्य में ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

## नगर परिषद स्कूल का गेट गिरने से पांचवीं कक्षा के छात्रा की दबकर मौत..

### नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही उजागर..





**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***नगर परिषद तिरोड़ा द्वारा संचालित पीएम श्री रानी अवंतीबाई प्राथमिक शाला, लोधीटोला तिरोड़ा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ,***

जिसमें कक्षा पांचवीं की छात्रा कु. निराली मनीष चाफले (उम्र 11 वर्ष) की स्कूल के गेट गिरने से उसके नीचे दबकर मृत्यु हो गई। घटना का अत्यंत दुखद पहलू यह कि मृतक कु निराली की माता सौ.शुभांगी चौधरी चाफले उसी स्कूल में मुख्याध्यापिका है और उसी की आंखों के सामने यह दुर्घटना हुई जिसमें उनके बेटी की जान चली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल का मुख्य गेट दो वर्ष पूर्व ही लगाया गया था किंतु निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने से गेट जर्जर अवस्था में था और शाला की ओर से उसकी मरम्मत का काम प्रस्तावित भी किया गया था। गेट की स्थिति देखकर विद्यार्थियों को गेट से दूर रहने के निर्देश भी स्कूल द्वारा दिए गए थे। शनिवार, 11 अप्रैल को दोपहर लगभग 1 बजे, जब लगभग सभी बच्चे घर के लिए निकल चुके थे। निराली भी अपनी मुख्याध्यापक माता के साथ घर जाने निकली थी। बाहर निकलते वक्त गेट बंद करने के इरादे से निराली ने गेट को खींचा, गेट पहले से ही टूटा होने से वह अचानक उसके ऊपर गिर गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के तुरंत बाद उसे तिरोड़ा के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोंदिया रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। निराली के पिता भी स्कूल शिक्षक है। वह अपने माता पिता की इकलौती बेटी होकर अत्यंत मेधावी छात्रा थी। उसने राज्यस्तरीय प्रज्ञा शोध प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया था। हाल ही में पुणे में उसका सम्मान भी किया गया था।

निराली की माता सौ.शुभांगी चौधरी चाफले भी एक पुरस्कार प्राप्त मुख्याध्यापिका है और नियमबद्ध कार्यशैली के लिए उनकी अलग पहचान है। इस दुखद घटना की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र की जनता शोक संतप्त है और नगर परिषद की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे है।

पूर्व विधायक दिलीप बंसोड, नगराध्यक्ष अशोक असाटी, नगर परिषद के सभी सदस्य और मुख्याधिकारी अमोल मालकर समेत अनेक लोगों ने मृतका के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान की। उपजिला अस्पताल में निराली का शव विच्छेदन कर चंद्रभागा मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार भी किया गया।

## आमगांव में क्रांतिसुर्य के नारे, भव्य रैली ने पूरे शहर को जोश से भर दिया

### अखिल भारतीय माळी महासंघ की तरफसे जयंती समारोह, गणमान्य लोगों और मेधावी लोगों का सम्मान..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

***क्रांतिसुर्य महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के मौके पर आमगांव शहर में जोश की लहर दौड़ गई।***

अखिल भारतीय माळी महासंघ की तरफसे निकाली गई बड़ी बाइक और पैदल रैल ने पूरे आमगांव शहर में धूम मचा दी। फूलों से सजी कारों और 'महात्मा फुले अमर रहें' जैसे नारों ने शहर में खुशी का माहौल बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह एक बड़ी बाइक रैली से हुई, जिसमें युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। फिर, दोपहर के सत्र में निकाली गई 'पैदल रैली' ने नागरिकों का ध्यान खींचा। शहर के मुख्य मार्ग से निकली इस रैली ने सामाजिक एकता का असरदार संदेश दिया। ज़मींदार वाडा परिसर में हुए मुख्य कार्यक्रम में सांसद नामदेवराव किरसान, विधायक संजय पुराम, ज़िला परिषद सदस्य हनवंत वट्टी, छबुताई उके और तीरथ येटरे शामिल हुए। इस मौके पर, समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार काम करने वाले लोगों को खास लोगों ने सम्मानित किया।

वहां मौजूद लोगों को मार्गदर्शन करते हुए, प्रमुख वक्ता आदरणीय निखिल बंसोड़ ने शैक्षणिक और सामाजिक क्रांति में महात्मा फुले के काम का आढावा किया। उन्होंने अपील की, 'फुले के विचारों की विरासत को संभालकर रखना और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' अखिल भारतीय माळी महासंघ की इस बारीकी से की गई नियोजन और सामाजिक जागरूकता की पहल की पूरे तालुका में बहुत तारीफ हो रही है।

## देवरी के डॉ. आंबेडकर पब्लिक लाइब्रेरी के पांच स्टूडेंट्स पुलिस की नौकरी के लिए चुने गए..




**जगप्रेरणा देवरी।**

***देवरी में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पब्लिक लाइब्रेरी में पढ़ने वाले रोहित टेंभुर्णे का रेल्वे लोको पायलट, अजय मानकर का भंडारा पुलिसवाला,***

वैभव मेंढे एवं जयश ताराम का वर्धा पुलिसवाला, चेतन राउत का नागपुर पुलिस के पदपर चुना गया है। इन सभी को गुरुवार को लाइब्रेरी में सम्मानित किया गया।चुने गए पांचों मेधावी स्टूडेंट्स को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पब्लिक लाइब्रेरी के प्रेसिडेंट एड. श्रवण उके, सेक्रेटरी सत्येंद्र बोम्बार्डे, ट्रेजरर यादवराव मेश्राम और पूरी एग्जीक्यूटिव बोर्ड के साथ-साथ लाइब्रेरी स्टाफने बधाई दी। लाइब्रेरी के स्टूडेंट्स ने इन पांचों स्टूडेंट्स को उनके उज्वल भविष्य की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कुनबी समाज का सामूहिक विवाह समारोह आज, शादी तय समय सुबह 11.05 बजे होगी..

### 8 जोड़े रेशमी बंधन में बंधेंगे



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

**युवा कुनबी समाज सेवा समिति, साकरीटोला (सातगांव) की तरफसे हर साल की तरह इस साल भी एक बड़ा सामूहिक विवाह समारोह रखा गया है। यह समारोह रविवार, 12 अप्रैल, 2026 को होगा,**

जिसमें 8 जोड़े शादी के बंधन में बंधेंगे। खास बात यह है कि विवाह समारोह में शामिल होने वाली दुल्हनों को सरकार की 'शुभमंगल योजना' का फायदा मिलेगा। यह पहल समिति लगातार 23 सालों से कर रही है। इस साल का मंडप पूजन और हल्दीः 11 अप्रैल, 2026, शनिवार शाम 6 बजे और विवाह मुहूर्तः 12 अप्रैल, 2026, रविवार सुबह 11:05 बजे तय समय पर। जिल्हा परिषद हाई स्कूल, साकरीटोला में भव्य पटांगण होगा। इस समारोह में राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां शामिल होंगी। शादी समारोह कई जाने-माने लोगों की मौजूदगी में होगा, जिनमें खा. प्रफुल्लभाई पटेल, खा. प्रशांत पडोले, आमदार संजय पुराम, आमदार नानाभाऊ पटोले, पूर्व खासदार सुनील मेंढे, पूर्व खासदार अशोक नेते और जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भंडारकर शामिल हैं। युवा कुनबी समाज सेवा समिति ने बड़ी तैयारी की है और प्रभाकर दोनोडे, भूमेश्वर मेंढे, कमल बहेकार, रमेश चुटे, युगराम कोरे ,संतोष बोहरे, पृथ्वीराज शिवनकर, अरविंद फुंडे और उनकी पूरी टीम ने समारोह की तैयारी की है। शादी समारोह में आने वाले दूल्हा-दुल्हन पक्ष के मेहमानों और बुलाए गए लोगों के लिए अच्छे खाने, पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था की गई है। महिला समिति की सदस्य मेहमानों की मेहमाननवाज़ी के लिए खास कोशिश कर रही हैं। 'इस सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य आम आदमी पर शादी का आर्थिक बोझ कम करना और सामाजिक सद्भाव बढ़ाना है। समिति ने समुदाय के सभी सदस्यों और नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस शुभ अवसर पर शामिल हों और नए शादीशुदा जोड़े को आशीर्वाद दें।'

## काचेवानी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर विधायक विजय रहांगडाले ने दी चेतावनी, नहीं मिली मंजूरी तो होगा आंदोलन..



विजय भरतभाऊ रहांगडाले

**जगप्रेरणा तिरोडा।**

***हावड़ा-मुंबई रेलवे मार्ग पर तिरोडा-गोंदिया मार्ग स्थित काचेवानी रेलवे फाटक* (LC No. 518 *कि.मी. 1024/11-13) पर पिछले तीन वर्षों से ओवरब्रिज मंजूर होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।***

इसका मुख्य कारण रेलवे विभाग की ओर से 'ना हरकत' **(NOC)** नहीं मिलना बताया जा रहा है।

इस मुद्दे को लेकर विधायक रहांगडाले ने रेलवे विभाग को पत्र लिखकर जल्द से जल्द अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2025 को उन्होंने स्वयं राष्ट्रीय महामार्ग नागपुर विभाग के कार्यकारी अभियंता और रेलवे के तकनीकी अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया था। उस दौरान अधिकारियों ने तीन माह के भीतर काम शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वर्तमान में इस रेलवे मार्ग पर तीनों लाइनें चालू हैं, जिससे यात्री और मालगाड़ियों का भारी आवागमन होता है। फाटक लंबे समय तक (एक से डेढ़ घंटे) बंद रहने के कारण आम नागरिकों, मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस, सरकारी कर्मचारियों और स्कूली विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज का काम शुरू न होने से जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय महामार्ग विभाग के अधिकारियों द्वारा रेलवे विभाग से लगातार पत्राचार किए जाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने से काम अटका हुआ है। आमदार ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि एक महीने के भीतर ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो मई के पहले सप्ताह में 'रेल रोको आंदोलन' किया जाएगा। इस चेतावनी के बाद अब रेलवे विभाग की भूमिका पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## एनएसयूआई तिरोड़ा के तालुका अध्यक्ष रोहित पटले एवं शहर अध्यक्ष ताहिर शेख मनोनीत..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

दिनांक 11 अप्रैल को एनएसयूआई तिरोड़ा के नवनियुक्त तालुका अध्यक्ष रोहित पटले एवं शहर अध्यक्ष ताहिर शेख के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिरोड़ा में एनएसयूआई की पहली भव्य बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से गोंदिया कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़, एनएसयूआई गोंदिया जिला अध्यक्ष अमान मेमन ,तिरोड़ा तालुका कांग्रेस कमिति अध्यक्ष रमेश टेंभरे, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष डॉ निम्रोद पटले, कृषि उत्पन बाजार समिति के संचालक ओम पटले , युवा नेता वासिम शेख तथा एनएसयूआई गोंदिया जिला उपाध्यक्ष कैफखान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे संगठन की मजबूती और युवाओं के उत्साह का स्पष्ट प्रदर्शन हुआ।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### रेती चोर ट्रॅक्टर ट्राली सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/4/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान ग्राम अर्जुनी मे फर्यादी मोहन प्रभुदास टेंभेकर पोस्टे दवनीवाडा पेट्रोलिंग कर रहे थे। सामने से निले रंग का ट्रॅक्टर रेती भरकर आ रहा था। उसे रोककर पंचो के समक्ष पुछताछ करने पर कोई पास परमीशन उसके पास नही था। चोरी के रेती लेकर जाते समय पकडाने से ट्रैक्टर ट्राली किमत 6 लाख रुपये, और 1 ब्रास रेती किमत 6 हजार रुपये कुल 6 लाख 6 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 184/2026 धारा 303,2,305, ई, बी एन एस के तहत दर्ज कर जाँच मपोऊपनी किरहे पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### को ऑपरेटिव्ह बँक के सामने से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/4/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी देवेन्द्र आसाराम शेंडे उम्र 51 वर्ष निवासी आमगाव अपनी मोटरसाइकल क्रमांक एम एच 35 ऐटी 4806 किमत 30 हजार रुपये से कोऑपरेटिव बँक आमगाव गये थे । अपनी मोटसायकल बँक के बाहर रखी थी। जब बँक से काम कर वापस आये तो मोटरसायकल वहा नही थी घटना के दरम्यान किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जा ने से दिये शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 247/2026 धारा 303,2 भान्यास के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मन्यार 2088 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### मोटरसायकल से नीचे गिरी महीला की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/4/2026 के दोपहर 1 बजे महीला फर्यादी उम्र 42 वर्ष निवासी सड़क अर्जुनी की मा जाणुक बे, विठोबा उईके उम्र 65 वर्ष पूजा पाठ करने अपने भतीजे की मोटरसायकल से जा रही थी। रास्ते मे कोहळीटोला के पास उसे चक्कर आया और सर के बल निचे गिरने से उसे गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे डुग्गीवार मे अकस्मात मौत क्रमांक 18/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कठाणे 1510 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### ट्रॅक्टर ट्राली सहीत रेती चोर गिरफ्तार मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/4/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान ग्राम पांढरी मे फर्यादी पोहवा महेन्द्र बाबुराव सोनवाने पोस्टे डुग्गीपार अपनी ड्यूटी कर रहे थे। जहा सामने से आ रहे ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एम एच 35 जी 5689 मे बिना पास परमीशन के 1 ब्रास रेती चोरी करते पकड़ाये जाने से ट्रॅक्टर ट्रॉली और रेती कुल 3 लाख 45 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 162/2026 धारा 303,2,305, ई, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा प्रल्हाद खोटेले 1917 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अरुण विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया के बी.जे. हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निलेश जैन ने स्थापित की अत्याधुनिक आर्गोस ऑप्टिकल बायोमीटर मशीन..

## अब मोतियाबिंद के ऑपरेशन में होगा एकदम सटीक ऑपरेशन.. दूर दृष्टि भी होगी समान रुप से क्लियर..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर के गणेश नगर स्थित बी.जे. हॉस्पिटल में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है. वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. निलेश जैन द्वारा अस्पताल में अत्याधुनिक आर्गोस ऑप्टिकल बायोमीटर मशीन स्थापित की गई है, जिससे अब मरीजों को और अधिक सटीक व आधुनिक जांच सुविधा*

उपलब्ध होगी। यह मशीन विशेष रूप से मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) ऑपरेशन से पहले आंखों की सटीक माप लेने के लिए उपयोग की जाती है। इसकी सहायता से आंख के लेंस की सही पावर का निर्धारण किया जाता है, जिससे ऑपरेशन के बाद मरीज को बेहतर और स्पष्ट दृष्टि प्राप्त होती है। डॉ. निलेश जैन के अनुसार, इस मशीन से जांच पूरी तरह सुरक्षित, बिना दर्द के और बहुत कम समय में हो जाती है. आधुनिक तकनीक पर आधारित होने के कारण इसमें त्रुटि की संभावना भी बेहद कम होती है, जिससे उपचार की गुणवत्ता और सफलता दर में सुधार होता है।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस नई सुविधा का उद्देश्य गोंदिया और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता न पड़े। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा और उनकी आंखों की देखभाल और भी बेहतर तरीके से हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि आजकल चिकित्सा जगत में मशीनों का उपयोग निरंतर बढ़ते जा रहा है। गंभीर किस्म की जोखिमपूर्ण सर्जरी में डॉक्टर की कुशलता और एकाग्रता के बावजूद मानवीय भूल की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, इसके निवारण के लिए वैज्ञानिक सदैव प्रयासरत रहते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंखों में जन्मजात प्राकृतिक लेंस रहती है जो हमें देखने में मदद करता है, उम्र बढ़ने, डायबिटीज या अन्य कारण से इस लेंस में धूमिलता आ जाती है और फिर इमेज बराबर नहीं बनने से स्पष्ट दिखना बंद हो जाता है, इसे ही मोतियाबिंद कहते है।

इसके ऑपरेशन के लिए प्राकृतिक लेंस निकालकर कृत्रिम लेंस लगाया जाता है, जिसके लिए आंखों की लंबाई और प्राकृतिक लेंस का पावर जानना आवश्यक होता है। पूरी तरह की सटीक जानकारी ना होने से ऑपरेशन के बाद भी मरीज को दूर का चश्मा लगाना पड़ता है।

**इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अमेरिकन वैज्ञानिकों ने एक आधूनिकतम मशीन का निर्माण किया है जो एकदम करेक्ट आंखों की लंबाई और लेंस के पावर को ज्ञात कर लेती है। इस मशीन की सहायता से ऑपरेशन करने वाले मरीजों को अब दूर का चश्मा लगाने की जरुरत नहीं पड़ती है और नजर भी पूरी तरह सरल हो जाती है।**

# राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर आज गोंदिया शहर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस अवसर पर रेलटोली स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, गोंदिया में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने महात्मा फुले के सामाजिक कार्यों और विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सर्वश्री नानू मुदलियार,अशोक सहारे, राजू एन जैन, भगत ठकरानी, अमित भालेराव, दिनेश गेडाम, सुनील पटले, करण टेकाम, रुचिता चव्हाण, वर्षा बैस, नागो बन्सोड, हरबक्ष गुरनानी, रवी रामटेक्कर, आर डी अग्रवाल, तुषार उके, प्रशांत सोनपुरे, कपिल बावनथडे, श्रेयस खोब्रागडे, राजू भगत, हर्षवर्धन मेश्राम, श्याम चौरे, कुणाल बावनथडे, शरभ मिश्रा, वामन गेडाम,सहीत गोंदिया शहर पक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि उपयोगी सामग्रीयों के बेतहाश बढ़ते दाम से किसान परेशान, सरकार से राहत की मांग..

## कृषि उपकरण विक्रेता कृपाण शेती सेवालय के संचालक अपार कृपाण ने किसानों की समस्या की ओर कराया ध्यानाकर्षण..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*संपूर्ण देश व प्रदेश में कृषि उपयोगी सामग्री के लगातार बढ़ते दामों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।*

***पिछले कुछ महीनों में खेती से जुड़े जरूरी सामानों की कीमतों में तेज़ी से वृद्धि देखी गई है, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।***

जानकारी के अनुसार, हाल ही में कृषि उपकरण विक्रेता कृपाण शेती सेवालय के संचालक अपार कृपाण से बातचीत में सामने आया कि पिछले 1-2 महीनों में इलेक्ट्रिक पंप की कीमतों में लगभग 15-20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। वहीं पीवीसी पाइप के दामों में भी 20 से 25 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इसके अलावा खाद, बीज, कीटनाशक और अन्य कृषि उपकरणों के दाम भी धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। एक ओर जहां किसान पहले से ही मौसम की अनिश्चितता, उत्पादन लागत और बाजार में उचित मूल्य न मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति की समस्या भी बनी हुई है। कई क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त और नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन उनकी आय में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हो रही। इससे छोटे और मध्यम किसानों की स्थिति और भी कठिन होती जा रही है। केवल खेती ही नहीं, बल्कि घर निर्माण से जुड़े कार्यों में भी महंगाई का असर साफदिखाई दे रहा है।

प्लंबिंग सामग्री और अन्य निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने से आम नागरिक भी प्रभावित हो रहे हैं। किसानों और नागरिकों ने सरकार से मांग की है कि कृषि उपयोगी सामग्री के बढ़ते दामों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, किसानों को सब्सिडी, सस्ती दरों पर उपकरण उपलब्ध कराने और बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए विशेष योजनाएं लागू की जाएं, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में गोंदिया में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर गोंदिया में पूज्य सिंधी जनरल पंचायत द्वारा सिंधी स्कूल के प्रांगण में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिंधी भाषा, संस्कृति एवं*

परंपराओं की जानकारी लेखिका तमन्ना मतलानी द्वारा उपस्थित लोगों को दी गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायिका लता भक्तानी ने अपनी मधुर आवाज में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया और श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में जिले के जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोदावले की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में सिंधी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की तथा सिंधी समाज को एक मिलनसार एवं पुरुषार्थी समाज बताया। इस दौरान जिलाधिकारी मा. श्री डॉ. मंगेश गोदावले का शाल एवं सिंधी समाज की विभूतियों का मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सिंधी भाषा दिवस का महत्व

गौरतलब है कि सिंधी भाषा दिवस प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन सिंधी भाषा को भारत की आधिकारिक भाषाओं में शामिल किए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। वर्ष 1967 में सिंधी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया गया, जो सिंधी समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह दिवस सिंधी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित है। इस दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यिक आयोजन एवं सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में भाषा एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत से जोड़ने का संदेश दिया गया। अंत में इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष दरयानोमल आसवानी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के 24 वर्ष..
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुलव्याध (बवासीर) फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेज़र, व्हेसल सिलर, क्षारसूत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्द रहित सफल चिकित्सा..
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता..
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर गोंदिया (महा.) मो. 09823021274

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com